# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 203 ■ अम्बिकापुर, गुरूवार 06 अगस्त 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com

# हाईकोर्ट ने रिमांड आदेश किया निरस्त, पुलिस की प्रक्रिया पर उठाए सवाल

## मामला साइबर थाना, सरगुजा रेंज में दर्ज 21 लाख की साइबर ठगी से जुड़ा

### आरोपी को मिली जमानत, हाईकोर्ट ने हिरासत को बताया गैरकानूनी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर/बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गिरफ्तारी की प्रक्रिया को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद 24 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से मजिस्ट्रेट के सामने पेश करे, अन्यथा पूरी प्रक्रिया गैरकानूनी मानी जाएगी।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने 21 लाख 15 हजार रुपये की साइबर ठगी के आरोपी जितेश आनंद उर्फ जीतू की याचिका स्वीकार करते हुए उसकी हिरासत को अवैध घोषित कर दिया। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता की 28 से 30 जून तक की हिरासत को संविधान के खिलाफ पाकर अंबिकापुर के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा पारित 30 जून और 3 जुलाई के रिमांड आदेशों को भी निरस्त कर दिया। बेंच ने आरोपी को 5 लाख रुपये के निजी मुचलके और समान राशि की दो जमानतों पर तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया है।



### क्या है पूरा मामला?

यह मामला साइबर थाना, सरगुजा रेंज में दर्ज है। आरोप है कि जितेश आनंद ने शेयर बाजार में अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 21 लाख 15 हजार रुपये की ठगी की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 3(5) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66-डी के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस का कहना था कि आरोपी अपनी मर्जी से छत्तीसगढ़ आया था, लेकिन याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि, 28 जून की शाम से ही उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया था, लेकिन 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं किया गया।

### हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

हाईकोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 21 और 22(2) का हवाला देते हुए कहा कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार मौलिक है। अनुच्छेद 22(2) के तहत गिरफ्तार व्यक्ति को 24 घंटे के अंदर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना पुलिस की संवैधानिक बाध्यता है। बेंच ने कहा कि इस मामले में पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड नहीं लिया, जिसके कारण आरोपी की हिरासत कानून के अनुरूप नहीं थी। कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'अवैध हिरासत पर बाद में लिया गया रिमांड भी कानून की नजर में टिक नहीं सकता'। जजों ने कहा जब किसी व्यक्ति की आजादी रोक दी जाती है, तभी से गिरफ्तारी से जुड़े सभी संवैधानिक सुरक्षा प्रावधान लागू हो जाते हैं। पुलिस की इस लापरवाही को कोर्ट ने गंभीरता से लिया।

**कानूनी विशेषज्ञों की राय**-इस फैसले को कानूनी विशेषज्ञ पुलिस प्रक्रिया के लिए एक बड़ी नसीहत मान रहे हैं। कहना है कि, अक्सर देखा जाता है जांच के नाम पर आरोपियों को लंबे समय तक पुलिस हिरासत में रखा जाता है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद अब पुलिस को प्रक्रिया में और पारदर्शिता बरतनी होगी। इस फैसले से न केवल आरोपित को राहत मिली है, बल्कि यह आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए भी एक मिसाल बनेगा।

### पुलिस के लिए सीख

0 गिरफ्तारी के बाद देरी न करें, तुरंत ट्रांजिट रिमांड लें।
0 24 घंटे की समय-सीमा का कड़ाई से पालन करें।
0 अवैध हिरासत से पूरा केस कमजोर हो सकता है।
0 प्रक्रिया में पारदर्शिता जरूरी, अन्यथा रिमांड निरस्त होगा।

# राम मंदिर में चढ़ावा चोरी और बच्चियों पर लाठीचार्ज का असर दिखा उपचुनाव में

## भाजपा को मिली हार पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सिंहदेव का तीखा हमला



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मध्यप्रदेश के दतिया और बिहार के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को मिली हार पर छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी और जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी छात्राओं से बदसलूकी का असर जनता पर पड़ा है।

सिंहदेव ने कहा अंततः पब्लिक की आवाज सामने आती है। बिहार के बांकीपुर में 3 दशक से चला आ रहा भाजपा के जीत का सिलसिला इस बार टूट गया। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राम मंदिर में यदि चढ़ावे की चोरी हो रही है और वहां अपने चुनिंदा लोगों को बैठा रखा गया है तो इसका असर जनता पर जाएगा ही। मूर्ति स्थापना के समय मंच पर बैठे 5 में से 2 लोग उसी ट्रस्ट के सदस्य थे जिन पर मंदिर की व्यवस्था की जिम्मेदारी थी। यदि वहां ऐसा हो रहा है तो लोगों के बीच संदेश गलत जाएगा।

### जंतर-मंतर की घटना ने बढ़ाया आक्रोश

टीएस सिंहदेव ने कहा है कि जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक को लेकर विरोध कर रहे युवाओं पर बल प्रयोग किया गया। बिना वर्दी वालों के हाथों में लाठियां दी गईं, पैलेट गन और टीयर गैस चलाई गई। बच्चियों के निजी अंगों पर लाठियों से वार किया गया। यही प्रतिक्रिया बांकीपुर और दतिया में दिखी है। ये आवाज दलगत भावना से ऊपर उठकर सामान्य जनता की है।

### पर्दा उठने पर देश में आएगा बदलाव

पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने पहले भी धर्म के नाम पर अपना असली चेहरा छिपाने की कोशिश की। राम मंदिर जिस लोकसभा में है वहां के लोगों ने पहचान लिया और भाजपा प्रतिनिधि चुनाव हार गए। उन्होंने चेतावनी दी कि 'इन दो परिणामों से यह मानकर बैठ जाना कि भाजपा साफ हो गई, बहुत बड़ी गलती होगी। उन्होंने कहा देश के बाकी हिस्सों में अभी धर्म और धार्मिक भेदभाव के नाम पर पर्दा डला हुआ है, जब यह पर्दा उठेगा तभी देश में बदलाव आएगा।

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले 3 चालकों पर 30 हजार जुर्माना

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 5 अगस्त को यातायात शाखा की चेकिंग के दौरान 3 मामलों में कार्रवाई की गई। टीम ने मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 4819 के चालक नंदूराम पिता सुखलाल सिंह 20 वर्ष, निवासी गंगापुर थाना जयनगर को नशे में धुत्त पाया। ब्रेथ एनालाइजर जांच में पुष्टि हुई। दूसरे मामले में मोटरसायकल सीजी 15 ईके 5839 के चालक अजय कुजूर पिता सिलमन कुजूर 24 वर्ष, निवासी सुखरी थाना गांधीनगर और तीसरे मामले में सूमो वाहन क्रमांक सीजी 29 एसी 1148 के चालक प्रकाश यादव पिता देवनारायण 25 वर्ष, निवासी ग्राम पोड़ी थाना प्रतापपुर भी शराब पीकर वाहन चलाते मिला। तीनों के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने तीनों को 10-10 हजार रुपये, कुल 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। कार्रवाई में यातायात शाखा प्रभारी उप निरीक्षक विजय कैवर्त सहित अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस ने कहा कि नियमों की अवहेलना करने वालों पर आगे भी कड़ी कार्रवाई होगी।

# बिहार के बेगूसराय निवासी युवक की संदिग्ध मौत, सिर में गहरे जख्म का है निशान

## ठेकेदारों के कहने पर पार्टनर बनकर काम करने घर से 20 लाख रुपये लेकर आया था

### पिता ने ठेकेदारों पर लगाया हत्या का आरोप, अपराध दर्ज करने की मांग





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बिहार निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में 3-4 अगस्त की दरम्यानी रात अंबिकापुर में स्थित एक पेट्रोल पंप के पैनल रूम में कथित रूप से करंट लगने से मौत हो गई, उसे लहूलुहान हाल में मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल लाया गया, यहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। घटना के समय उसका साथी इसी कक्ष में सोया था, जिसे घटना की भनक तत्काल नहीं लगी। मृतक के स्वजन को पुलिस ने युवक के शव को मर्च्युरी में रखवा दिया था, और स्वजन के आने का इंतजार कर रही थी। सूचना मिलने पर बेगूसराय से मृतक के स्वजन पहुंचे। इन्होंने घटनास्थल और मृतक के शव को देखने के बाद युवक के हत्या का संदेह जताया है। मृतक के पिता ने लिखित में जानकारी देते हुए पुलिस को अवगत कराया है कि, उनके पुत्र को कुछ ठेकेदारों ने पार्टनर बनाने का झांसा दिया था। घर से मृतक 20 लाख रुपये लेकर निकला था।

जानकारी के मुताबिक, मृतक सौरभ कुमार सिंह पिता मनोज कुमार सिंह 32 वर्ष, बिहार के बेगुसराय जिला अंतर्गत नगर परिषद बोहट, वार्ड क्रमांक-2 का रहने वाला था। मृतक के पिता का कहना है कि, उनका पुत्र सौरभ बेगुसराय के, लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन के मालिक मनोहर सिंह और मन्नू उर्फ मनु नामक ठेकेदारों के संपर्क में था। करीब एक महीने पहले उसे पार्टनर बनाने का प्रलोभन देकर ठेकेदारों ने अंबिकापुर चलने के लिए कहा। सौरभ इनके साथ 20 लाख रुपये लेकर निकल लिया। मनोज सिंह के अनुसार सौरभ ने फोन पर काम में ठेकेदारों का पार्टनर बनने की जानकारी दी थी, लेकिन कुछ दिनों से वह परेशान था और पार्टनरों से विवाद संबंधी बात घर में फोन करके बताया था। तीन अगस्त की रात करीब 9.30 बजे सौरभ ने अपनी पत्नि श्वेता देवी को फोन करके ठेकेदारों के द्वारा उसका पैसा नहीं देने और मारपीट करने की जानकारी दिया, और कहा कि वह घर आ रहा है। 4 अगस्त को जब पिता ने सौरभ के तीनों मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने की कोशिश की तो कॉल रिसीव नहीं हुआ। परेशान होकर उन्होंने अन्य लोगों से संपर्क किया तो सूचना मिली कि उनके बेटे को करंट मार दिया गया है और उसकी मौत हो गई है। पिता का कहना है कि, तहकीकात में पता चला कि, रात में ठेकेदारों के कहने पर 5-6 अज्ञात लोगों ने सौरभ के सिर पर हमला करके उसकी हत्या कर दी है और करंट से मौत बताकर गुमराह किया जा रहा है। पिता ने पुलिस से दोनों ठेकेदारों और अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### रुपये लेने के बाद टार्चर करने का आरोप

मनोज कुमार सिंह ने टार्चर करके पुत्र की हत्या कर देने का आरोप लगाया है। इसकी जानकारी कोतवाली थाना अंबिकापुर के एसएचओ के नाम शिकायत पत्र में भी दी गई है। पिता का कहना है कि ठेकेदार मनोहर सिंह और मन्नु उर्फ मनु बेगुसराय जिला के ही रहने वाले हैं। इनके द्वारा 20 लाख रुपये लेने के बाद उनके पुत्र को टार्चर किया गया है, और घटना दिनांक 3 अगस्त को देर रात करीब 12 बजे उसकी हत्या करवा दी गई। बहरहाल पुलिस ने मृतक के शव का बुधवार को पोस्टमार्टम कराया है। घटना से स्वजन शोकाकुल हैं।

### सीसीटीव्ही का नहीं मिल पाया फुटेज

मृतक के चाचा धर्मेन्द्र सिंह, कमलेश सिंह, रिश्ते में भाई आदर्श कुमार, रविशंकर सिंह सहित अन्य पूरे मामले को संदेह की नजर से देखते हुए कई सवाल उठा रहे हैं। इनके द्वारा मौके पर गिरे खून और सिर, माथे में गहरे जख्म को देखते हुए सवाल उठाया है कि, युवक को चेहरे के दोनों हिस्से में करंट लगना, वहीं मौके पर काफी खून बहना संदेहास्पद है। इनका कहना है कि, जब वे घटनास्थल गए तो सीसीटीव्ही का तार कटा हुआ मिला। ऐसे में घटना के समय का कोई फुटेज उन्हें नहीं मिल पाया।

### कब करंट की चपेट में आया, नहीं लगी भनक

घटना को लेकर जो बातें सामने आई हैं, उसके अनुसार मृतक सौरभ कुमार सिंह घटना दिनांक को अपने साथी व इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प के मेंटनेंस का काम देखने वाले सादाब के साथ था, जो एक अन्य पेट्रोल पम्प में रहता है। 3 अगस्त को देर रात सादाब, रामानुजगंज रोड में स्थित पेट्रोल पम्प के पैनल रूम में ही सोया था। देर रात जब लघुशंका के लिए सादाब उठा, तो कुछ जलने का महक आया, उसकी नजर सौरभ पर पड़ी, जो पैनल रूम में करंट से चिपका था। अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, एसएसपी से की गई शिकायत पर केस दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक सरगुजा को लिखित शिकायत किया था, जिस पर अनुसूचित जाति कल्याण थाना में आरोपी युवक के विरूद्ध पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

बीएससी ग्रेजुएट पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह वर्ष 2018 में गर्ल्स कॉलेज अंबिकापुर में प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी, उसी दौरान गांव के एक युवक से उसकी जान-पहचान हुई। इसके बाद युवक ने शादी करने का वादा करके उससे संबंध बनाया। आरोप है कि विगत ढाई-तीन वर्षों तक आरोपी ने शादी करने का आश्वासन देकर उसका दैहिक शोषण किया। आरोपी उसे अपने घर में करीब 3 महीने तक रखा। आरोप है कि, इस बीच आरोपी ने उसके साथ कई बार मारपीट की। इस संबंध में मेडिकल रिपोर्ट और ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग मौजूद होने का दावा युवती ने किया है। इस मामले में पहले भी वह अजाक थाना में शिकायत की थी, यहां समझौता होने के बाद आरोपी व उसके स्वजन ने शादी करने का आश्वासन दिया, जिस कारण वह शिकायत वापस ले ली थी। इसके बाद आरोपी का व्यवहार बदल गया और वह शादी करने से इन्कार कर दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई करके न्याय दिलाने और स्वयं के सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त आवेदन पर अजाक थाना पुलिस अग्रिम जांच, कार्रवाई कर रही है।

# कन्या स्कूल में शिक्षा के साथ 'बालिका क्रिकेट' को बढ़ावा देने की पहल



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में बालिकाओं हेतु क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। सरगुजा जिले में बालिकाओं के बीच क्रिकेट खेल के प्रति रुचि एवं सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर गुरु नानक वार्ड के पार्षद शैलेश कुमार सिंह, संस्था की प्राचार्या अपर्णा दुबे तथा स्कूल गेम्स क्रिकेट कोच श्री शौभिक दासगुप्ता उपस्थित रहे। संस्था के व्यायाम शिक्षक एवं राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि, शैक्षणिक सत्र 2026-27 में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अंबिकापुर में क्रिकेट खेल को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरगुजा जिले को एक सशक्त बालिका क्रिकेट टीम प्रदान करने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए संस्था की प्राचार्या सहित समस्त शिक्षक सहयोग प्रदान करेंगे। बालिका क्रिकेट टीम का नियमित अभ्यास एवं प्रशिक्षण संस्था के शैलेन्द्र कस्तूरिया, मंसूर आलम, हुलेश साहू और कविता बंसल की देखरेख में संचालित किया जाएगा। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल बालिकाओं में खेल भावना, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा भविष्य में जिले को प्रतिभाशाली महिला क्रिकेट खिलाड़ी प्राप्त होगी।

### कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरी, ट्रैक्टर से टोचन करके निकाला गया



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नागाडांड़ के पास मैनपाट से अंबिकापुर की ओर आ रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहराई में चले गई। हादसे में कार में सवार चालक सहित तीन लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के मुताबिक, कार में चालक समेत दो युवतियां सवार थीं। मैनपाट से अंबिकापुर आते समय नागाडांड़ के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सड़क से उतरकर खाई में पहुंच गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। कार को ट्रैक्टर की मदद से निकाला गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कार सवारों को सुरक्षित देखकर सभी ने राहत की सांस ली। समाचार लिखे जाने तक कार में सवार लोगों के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है।

### कोषालय में देयकों के साथ भुगतान स्वीकृति व क्रय स्वीकृति आदेश संलग्न करना अनिवार्य

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि, महालेखाकार रायपुर द्वारा ऐसे समस्त प्रकार के देयकों के संबंध में आपत्ति की गई है, जिनमें कार्यालय द्वारा देयकों की भुगतान स्वीकृति आदेश तथा क्रय संबंधी देयकों में क्रय स्वीकृति आदेश दोनों सलग्न नहीं है। उन्होंने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को पत्र जारी कर कहा है कि आपत्ति की पुनरावृत्ति रोकने हेतु क्रय/भुगतान स्वीकृति आदेश देयक के साथ संलग्न कर कोषालय में प्रस्तुत करने पूर्व में जारी किया गया है, जिसके परिपालन में क्रय तथा भुगतान स्वीकृति आदेश संलग्न कर देयक भगुतान हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है, किंतु कुछ कार्यालयों द्वारा क्रय/भुगतान स्वीकृति आदेश त्रुटिपूर्ण प्रारूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। आदेश प्रारूप के अनुसार ही भुगतान स्वीकृति आदेश देयक के साथ संलग्न करने कहा गया है। आदेश वेतन देयकों को छोड़कर अन्य सभी देयकों के साथ अनिवार्यतः संलग्न कर देयक भुगतान हेतु कोषालय में प्रस्तुत करने कहा गया है। आदेश संलग्न नहीं होने पर देयक भुगतान हेतु कोषालय में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

के आर टेक्निकल कॉलेज
SINCE 2008
( Regular | Private | Distance )
ADMISSION OPEN 2026-27
मान्यताएँ
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा से सम्बद्ध
छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
इग्नू का स्टडी सेंटर
SINCE 2008
COURSES OFFERED
UG COURSES: BCA, BBA, BCOM, BSC BIO, BSC MATHS, BSC CS, BA
PG COURSES: MSC CS, MSC IT, MSC BOTANY, MSC ZOOLOGY, MSC CHEMISTRY, MSC MATHS, MSC PHYSICS, MCOM, MSW, MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA, PGDCA, PGDBM, PGDRD, BLIB
SCHOLARSHIP FACILITIES
विद्यासागर छात्रवृत्ति (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़
9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़
9826183771

(बालाजी क्लीनिक)
मद्रासी दवाखाना
Reg. No. Cg03026
ISO 9001: 2015 CERTIFIED
बादी एवं खूनी बवासीर, नासूर, भगंदर, फीसर एवं कांच (गुदा) का क्षार सूत्र से, एवं आंतों की बीमारियों जैसे पेट का भारीपन, गैस, कब्ज, पुरुष और स्त्री के गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक उपचार किया जाता है।
डॉ. के.एम. राव
एम.एस.(आयु) शल्य
भूतपूर्व प्राध्यापक शल्य विभाग
शासकीय आयुर्वेद कॉलेज अहमदाबाद
समय :- सोमवार से शनिवार, सुबह 10 से 2, शाम 6 से 7:30
रविवार सुबह 10 से 2, शाम को बंद रहेगा
बिलासपुर रोड, बिलासपुर चौक, अम्बिकापुर मो. 90099-56307

# डीएवी विश्रामपुर में हर्षोल्लास के साथ मना स्थापना दिवस






**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल विश्रामपुर में बुधवार को विद्यालय का 36 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 5 अगस्त 1991 को डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर अपने अस्तित्व में आया था। विद्यालय की विकास यात्रा में अनेक मेहनती विद्यार्थियों, अध्यापक-अध्यापिकाओं, संस्था प्रमुखों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति का योगदान रहा। इस अवसर पर सामूहिक वैदिक हवन आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह व अन्य अतिथियों में श्रीमती अल्पना सिंह अध्यक्षा शिवानी महिला मंडल विश्रामपुर क्षेत्र, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी एस एस रात्रे, सीए मयंक गोयल, तुषार सरकार कोरियोग्राफर व कत्थक डांसर अंबिकापुर एवं श्रीमती कीया घोष संगीत शिक्षिका पांडवपारा, विद्यालय प्राचार्या श्रीमती अनामिका भारती उपस्थित रहे। संगीत शिक्षक नासिर खान एवं मनीष शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह ने कहा कि विद्यार्थी देश के भविष्य के कर्णधार होते हैं। किसी भी देश के विकास में सामाजिक जागरूकता, स्वस्थ वातावरण एवं मजबूत अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान होता है। विद्यालय के विद्यार्थियों की विविध क्षेत्रों में भी बेहतरीन उपलब्धता निश्चित रूप से गौरव का विषय है। इसमें आपकी मेहनत के साथ-साथ अभिभावकों एवं गुरुजनों का आशीर्वाद भी शामिल होता है। प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती ने कहा कि अपने स्थापना काल से लेकर अद्यतन विद्यालय सफलता की नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श करता आ रहा है और इसकी विकास यात्रा अनवरत गतिशील है। विद्यालय ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद आदि क्षेत्रों में बड़े-बड़े कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में आज भी अग्रसर है। डीएवी संस्था शैक्षिक उन्नति एवं सेवाभाव के उद्देश्यों की पूर्ति में कार्यरत है। अनेक राजनेता, क्रिकेट, कलाकार आदि महान हस्तियां डी ए वी संस्था की देन है।प्री प्राइमरी के नन्हें बच्चों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य व समूह गान सहित चारों सदनों के समूह नृत्य के प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रस्तुति की सराहना की। वरिष्ठ अध्यापक एलके दास ने कहा कि विद्यालय हमें शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण कर समाज एवं राष्ट्र की सेवा करना सिखाता है। अध्यापकों के ज्ञान एवं मार्गदर्शन से विद्यार्थी उत्तरोत्तर प्रगति करते रहे हैं और करते रहेंगे। प्री प्राइमरी विंग के नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य व समूह गान एवं अग्नि, आदित्य, वायु और अंगिरा सदनों के विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगात्मक समूह नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति झूम उठे। चारों सदनों अग्नि, आदित्य, वायु एवं अंगिरा के मध्य समूह नृत्य प्रतियोगिता में आदित्य सदन ने प्रथम, वायु सदन व अग्नि ने संयुक्त रूप से द्वितीय, अंगिरा सदन ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापिका शोभा नामदेव, एलके दास एवं कक्षा बारहवीं की छात्राएं मृदु सिन्हा एवं आकांक्षा सिंह ने किया। वरिष्ठ अध्यापक सी पंडा ने आभार व्यक्त किया।

## स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल विश्रामपुर ने 1-0 से जीता मैच

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** नगर के एकता स्टेडियम में न्यू टैलेंट प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता आज चौथे दिन का मैच सेंट चार्ल्स स्कूल भटगांव और स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल बिश्रामपुर के बीच खेले गए मुकाबले में स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल विश्रामपुर ने 1-0 की बढ़त से मैच अपनी झोली में डाल लिया। बारिश के बीच रोमांचित मैच में मुख्य अतिथि के रूप में युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अविनाश सहवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के स्पोर्ट्स टीचर पीके वैध उपस्थित रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार स्वामी आत्मानंद विश्रामपुर के योगेश कुमार को शानदार प्रदर्शन के लिए दिया गया।



आयोजक राजेश जैन ने बताया कि टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्रवासियों व खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने यहां पर पुरस्कार की घोषणा भी की है। टूर्नामेंट में प्रकाश कुर्रे द्वारा मैच के रनिंग कमेंट्री से स्टेडियम गूंजायमान हो रहा है।

# स्टेट बैंक रोड के चौड़ीकरण कराने भाजपा नेता ने महाप्रबंधक को दिया ज्ञापन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** नगर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल एनएच 43 से स्टेट बैंक रोड तक की सड़क को चौड़ा किए जाने की मांग तेज हो गई है। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ललित कुमार गोयल ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर स्टेट बैंक रोड मोड़ से स्टेट बैंक तक लगभग 400 से 500 मीटर सड़क का शीघ्र चौड़ीकरण कराने की मांग की है। गोयल ने बताया कि यह मार्ग न केवल एसईसीएल के लिए बल्कि हजारों स्थानीय नागरिकों के लिए भी जीवनरेखा बन चुका है और वर्तमान स्थिति में यह दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन सकता है।



ज्ञापन में बताया गया है कि एनएच 43 स्थित अम्बेडकर चौक के समीप से निकलने वाला यह मार्ग एसईसीएल के कुमदा उपक्षेत्र सहित कुमदा क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है। इसी मार्ग से अमेरा, आमगांव, केतकी, रेहर और गायत्री खदानों से निकलने वाले कोयले का परिवहन रेलवे साइडिंग तक किया जाता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रेलर और मालवाहक वाहन इस सड़क से गुजरते हैं तथा भविष्य में करीब 100 ट्रेलरों के नियमित संचालन की संभावना भी जताई गई है। सबसे गंभीर चिंता का विषय यह है कि जिस सड़क से भारी-भरकम ट्रेलर गुजरते हैं, उसी मार्ग पर स्टेट बैंक, डीएवी पब्लिक स्कूल, एसईसीएल अमेरा परियोजना का उपक्षेत्र कार्यालय तथा साप्ताहिक बाजार, मीट बाजार भी स्थित हैं। प्रतिदिन बैंक आने वाले ग्राहकों, स्कूली बच्चों, एसईसीएल कर्मचारियों और आम नागरिकों की आवाजाही इसी मार्ग से होती है। ऐसे में भारी वाहनों और पैदल यात्रियों का एक साथ आवागमन सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि सड़क की चौड़ाई वर्तमान यातायात के अनुरूप पर्याप्त नहीं है। लगातार बढ़ते भारी वाहनों के दबाव के कारण जाम की स्थिति बनती है और किसी भी समय गंभीर सड़क दुर्घटना हो सकती है। विशेषकर स्कूल समय और बाजार के दिनों में यहां यातायात का दबाव कई गुना बढ़ जाता है, जिससे लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है।गोयल ने एसईसीएल प्रबंधन से आग्रह किया है कि जनहित और सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्टेट बैंक रोड मोड़ से स्टेट बैंक तक सड़क का आवश्यकतानुसार चौड़ीकरण कराया जाए।

# स्कूल बस चालक पर गार्ड ने तानी बंदूक, छात्रों के सामने की मारपीट

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के अनुबंध में संचालित स्कूल बस में कथित रूप से मुफ्त यात्रा को लेकर एक निजी सुरक्षा गार्ड और बस चालक के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि बस नहीं रोकने से नाराज गार्ड ने बाइक से बस का पीछा कर उसे रुकवाकर चालक पर बंदूक तान उसके बट से मारपीट कर दी है। घटना के दौरान बस में छात्र-छात्राएं सवार थे, जिससे वे दहशत में आ गए। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बस चालक रविंद्र पासवान की शिकायत पर बिश्रामपुर पुलिस ने निजी गार्ड मंगला यादव निवासी आरटीआई कॉलोनी बिश्रामपुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 30 आर्म्स एक्ट, 115 (2), 126 (2), 296 (बी) और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि गत दिनों 3 अगस्त की सुबह करीब 9 बजे एसईसीएल अनुबंध की स्कूल बस कॉलेज के छात्रों को लेकर अंबिकापुर जा रही थी। इसी दौरान आरटीआई कॉलोनी निवासी गार्ड मंगला यादव ने बस रुकवाने का इशारा किया, लेकिन चालक ने स्कूल बस होने का हवाला देते हुए बस नहीं रोकी। इसके बाद गार्ड ने एक राहगीर की बाइक से बस का पीछा कर भटगांव मार्ग स्थित काली मंदिर के पास बस को जबरन रुकवा लिया। बस रुकने के बाद गार्ड ने चालक से बस नहीं रोकने का कारण पूछते हुए विवाद शुरू किया। जब चालक ने कहा कि यह स्कूल बस है और बीच रास्ते नहीं रुक सकती, तो गार्ड ने उस पर बंदूक तान दी और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

इस दौरान बस में मौजूद छात्र-छात्राएं सहम गए। घटना के बाद बस संचालक ने एसईसीएल प्रबंधन और बिश्रामपुर थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार विवाद की वजह स्कूल बस में मुफ्त यात्रा को लेकर पुराना विवाद बताया जा रहा है।

# रेबीज संक्रमित गाय से शांतिनगर में दहशत, नपं की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर के शांतिनगर मोहल्ले में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब क्षेत्र में रेबीज से संक्रमित गाय के घूमने की सूचना मिली। होटल आनंद के आसपास काफी देर तक गाय के विचरण करने से स्थानीय लोगों में भय का वातावरण बन गया। सूचना मिलते ही नगर पंचायत शिवनंदनपुर की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से विशेष अभियान चलाकर गाय को सुरक्षित तरीके से काबू में लिया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाय का व्यवहार असामान्य था, जिस कारण लोगों में उसके रेबीज संक्रमित होने की आशंका बढ़ गई थी। आसपास रहने वाले लोगों ने बच्चों और बुजुर्गों को घरों के अंदर रहने की सलाह दी, जबकि दुकानदार भी सतर्क हो गए। किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए नगर पंचायत प्रबंधन ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। नपं की टीम ने पूरी सावधानी, धैर्य और सूझबूझ का परिचय देते हुए काफी मशक्कत के बाद गाय को सुरक्षित पकड़ लिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी टीम का पूरा सहयोग किया। नपं अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने बताया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की जाती तो राहगीरों, बच्चों और अन्य पशुओं के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता था। इसलिए सूचना मिलते ही तत्काल टीम को मौके पर भेजा गया और प्राथमिकता के आधार पर स्थिति को नियंत्रित किया गया। रेस्क्यू के बाद शांतिनगर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने राहत की सांस ली।

# बीएमएस ने सेवानिवृत्त पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** भारतीय मजदूर संघ बीएमएस के प्रधान कार्यालय बिश्रामपुर में मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित कर संगठन के उन वरिष्ठ पदाधिकारियों का सम्मान किया गया, जिन्होंने वर्षों तक मजदूर हितों की लड़ाई लड़ते हुए संगठन और कोयला उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समारोह में शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सेवानिवृत्त पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया।



समारोह में बीएमएस के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र पांडेय, कोल फेडरेशन के राष्ट्रीय महामंत्री सुजीत सिंह, बीकेकेएमएस के महामंत्री शिवकुमार दुबे, केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पूर्व कोषाध्यक्ष अमरपाल मिश्रा, पूर्व में सेवानिवृत्त मजरुल हक अंसारी, कंपनी कल्याण समिति सदस्य महेंद्र पाल तथा कंपनी सुरक्षा समिति सदस्य संजय सिंह मंचासीन रहे। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र पांडेय सहित शिवकुमार दुबे, धर्मेंद्र सिंह और अमरपाल मिश्रा का बीएमएस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने शाल व श्रीफल भेंटकर उनके लंबे सेवाकाल और संगठन के प्रति समर्पण को नमन किया। राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र पांडेय ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ का कार्यकर्ता किसी व्यक्तिगत या राजनीतिक स्वार्थ से नहीं, बल्कि मजदूरों के अधिकारों, सामाजिक न्याय और राष्ट्रहित की भावना से कार्य करता है। उन्होंने कहा कि संगठन में पद अस्थायी होता है, जबकि कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति और रीढ़ होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा और मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कोल फेडरेशन के राष्ट्रीय महामंत्री सुजीत सिंह ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ ने कहा कि सुरेंद्र पांडेय के नेतृत्व में संगठन ने न केवल अपनी सदस्य संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की, बल्कि संगठनात्मक मजबूती के बल पर अन्य श्रमिक संगठनों को पीछे छोड़ते हुए अग्रणी स्थान भी हासिल किया। इस दौरान केरल राज्य के भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री अजीत कुमार के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में रेहर खदान के ओवरमैन धनंजय कुमार सिंह ने भारतीय मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन प्रेम जायसवाल ने किया, जबकि अंत में केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने आभार व्यक्त किया। समारोह में बैकुंठपुर, भटगांव, चिरमिरी एवं विश्रामपुर क्षेत्र अशोक दुबे, जितेंद्र श्रीवास्तव, रामकिशोर मंडल, शैलेश तिवारी, संतोष तिवारी, दिलीप मंडल, जगन्नाथ शर्मा, शिवराम सिंह, राजेंद्र सिंह, सौरभ मंडल, अशोक यादव, अशोक गुप्ता, मनोज राय, मनोज दास, राजेश सिंह, महेश गुप्ता, अशोक सिंह, हेमंत कुमार, एस.पी. चतुर्वेदी, सरोज सिन्हा, मानसिंह, अमरसाय, अनिल जायसवाल, सौरभ पांडेय, राजेंद्र प्रधान, जितेंद्र बहादुर, राजू कुमार, गोपाल यादव, सुदर्शन तिवारी, राजेश तिवारी, शंकर यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सेवा सेतु में उत्कृष्ट प्रदर्शन, निर्दोष लकड़ा बने प्रदेश के टॉप ट्रांजैक्शन वीएलई

## वित्त मंत्री ने किया सेवा, समर्पण और तकनीक का सम्मान

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से शासकीय सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा रहा है। जिले में कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सेवा सेतु पोर्टल का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि सेवा सेतु पोर्टल के संचालन में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के निर्दोष लकड़ा ने प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित सेवा सेतु पोर्टल में कार्यरत वीएलई निर्दोष लकड़ा ने वर्ष 2025-26 में उन्होंने सेवा सेतु के माध्यम से 13,912 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण कर टॉप ट्रांजैक्शन वीएलई का गौरव हासिल किया। सेवा सेतु पोर्टल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन और ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के सफल संचालन के लिए निर्दोष लकड़ा को राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन सभी ग्रामीण नागरिकों के विश्वास का भी सम्मान है, जिन्हें उन्होंने समय पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराईं।




डिजिटल युग में सरकारी सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुँचाना सुशासन की सबसे बड़ी पहचान बन चुका है। जिले में इस बदलाव को साकार करने वाले युवाओं में निर्दोष लकड़ा का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उन्होंने सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से हजारों ग्रामीण परिवारों तक शासकीय सेवाओं की आसान, पारदर्शी और समयबद्ध पहुँच सुनिश्चित कर डिजिटल सशक्तीकरण की मिसाल प्रस्तुत की है।

एक समय था जब ग्रामीण अंचलों के लोगों को आय, जाति, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए कई बार जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे। समय और धन दोनों की बर्बादी आम बात थी। इस परेशानी को समझते हुए निर्दोष लकड़ा ने अपने सेवा केंद्र के माध्यम से लोगों तक सरकारी सेवाएँ सरल, त्वरित और पारदर्शी ढंग से पहुँचाने का संकल्प लिया। तकनीक की समझ, निरंतर मेहनत और जनसेवा के प्रति समर्पण ने उन्हें लोगों का भरोसेमंद साथी बना दिया। सेवा सेतु केंद्र ग्रामीणों के लिए केवल एक सेवा केंद्र नहीं, बल्कि उनकी समस्याओं का भरोसेमंद समाधान बन चुका है। वर्ष 2025-26 में निर्दोष लकड़ा ने सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से 13,912 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण कर उपलब्धि हासिल की। यह हजारों परिवारों तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं की समय पर पहुँच सुनिश्चित करने का प्रमाण है। उनके उत्कृष्ट कार्य के आधार पर उन्हें प्रदेश में सेवा सेतु सेवाओं के टॉप ट्रांजैक्शन वीएलई के रूप में पहचान मिली। यह उपलब्धि उनकी कार्यनिष्ठा, दक्षता और जनसेवा के प्रति समर्पण का सशक्त उदाहरण है।

निर्दोष लकड़ा बताते हैं कि हमारा उद्देश्य केवल सरकारी सेवाएँ उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि तकनीक के माध्यम से हर नागरिक का जीवन आसान बनाना है। जब लोगों का समय बचता है और उन्हें बिना भटकाव के सुविधाएँ मिलती हैं, तभी डिजिटल भारत का सपना साकार होता है। वे कहते है कि यदि सेवा का भाव, तकनीक का सही उपयोग और जनहित की सोच साथ हो, तो दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी डिजिटल क्रांति को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है।

# एक फोन, एक शिकायत और मिल गया राशन कार्ड

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आम नागरिकों के लिए भरोसेमंद माध्यम बनकर उभर रही है।राशन कार्ड के अभाव में सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित ग्राम भेण्डरी की निवासी श्रीमती गायत्री यादव के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन राहत लेकर आई।

गायत्री ने लगभग 10 महीने पहले राशन कार्ड के लिए आवेदन दिया था लेकिन लंबे समय तक उनका राशन कार्ड नहीं बन सका, उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई।शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित विभाग ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी की और उन्हें राशन कार्ड उपलब्ध कराया। राशन कार्ड मिलने के बाद अब वे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न आसानी से प्राप्त कर सकेंगी। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी ले सकेंगी।



राशन कार्ड मिलने पर श्रीमती गायत्री यादव ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से उनकी समस्या का त्वरित समाधान हुआ। उन्होंने कहा कि पहले राशन कार्ड नहीं होने से कई सरकारी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा था, लेकिन अब उनकी परेशानी दूर हो गई है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पहली बारिश में लाखो का रपटा बहे महीना बीत गया, ना जांच हुई ना कार्रवाई

## दर्जनों गांवों के ग्रामीण परेशान, पनप रहा आक्रोश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



सूरजपुर। जिले के प्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम धोंधा में लोक निर्माण विभाग द्वारा लाखों रुपये की लागत से निर्मित रपटा पहली ही बारिश में बह जाने के बाद भी अब तक न तो जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई हुई है और न ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच पूरी हो सकी है। रपटा बहने से दर्जनों गांवों का संपर्क प्रभावित है और बरसात के बीच ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर नदी-नालों को पार करना पड़ रहा है।इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।उनका आरोप है कि निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता और अधिकारियों ।ठेकेदार की मिलीभगत के कारण सरकारी राशि की खुली बबार्दी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस रपटा से बरसात के दौरान आवागमन सुगम होने की उम्मीद थी, वह पहली ही बारिश का बहाव नहीं झेल सका। इससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण के दौरान ही गुणवत्ता को लेकर आपत्तियां उठाई गई थीं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया।परिणामस्वरूप पहली बारिश ने पूरे निर्माण की पोल खोल दी।।रपटा बहने के बाद क्षेत्र के कई गांवों का आवागमन बाधित हो गया है। स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना भी चुनौती बन गया है, जबकि विद्यार्थियों को जोखिम उठाकर स्कूल जाना पड़ रहा है। कई ग्रामीणों को लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ रहा है, जिससे समय और आर्थिक बोझ दोनों बढ़ गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रपटा बहने के बाद जिला प्रशासन स्तर पर जांच के निर्देश दिए गए थे।क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर चुकी हैं और उन्होंने अधिकारियों को निर्माण की गुणवत्ता की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए थे।इसके बावजूद आज तक न तो जांच का परिणाम सामने आया और न ही किसी अधिकारी या ठेकेदार जिम्मेदारी ही तय की गई है।इससे लोगों में यह धारणा बन रही है कि जिम्मेदारों को संरक्षण दिया जा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकारी धन से कराया गया निर्माण पहली बारिश भी नहीं झेल पाया तो इसकी तकनीकी जांच कर यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि निर्माण में किस स्तर पर लापरवाही हुई। साथ ही उपयोग की गई सामग्री, निर्माण एजेंसी, तकनीकी स्वीकृति और निगरानी करने वाले अधिकारियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार का साम्राज्य फैल चुका है और नियम कानून केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं। ग्रामीणों ने यह भी याद दिलाया कि क्षेत्र में पहले बने कुछ निर्माण कार्य भी समय से पहले क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, लेकिन उनसे भी कोई सबक नहीं लिया गया। उनका कहना है कि यदि दोषियों पर समय रहते कार्रवाई होती तो आज धोंधा के ग्रामीणों को इस स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। बरसात के दौरान दर्जनों गांवों के लोग आवागमन कैसे करेंगे। लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नालों का जलस्तर बढ़ रहा है और खतरा भी बढ़ता जा रहा है।ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था, रपटा स्थल पर सुरक्षा इंतजाम तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से नए निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई और आवागमन बहाल करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे जनआंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल धोंधा का यह मामला केवल एक रपटा बहने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, निगरानी व्यवस्था और जवाबदेही पर बड़ा प्रश्नचिह्न बनकर सामने खड़ा हो गया है।

# संकाय विनिमय कार्यक्रम के तहत कॉलेज में हुआ शैक्षणिक कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वाड्रफनगर। बुधवार को शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय में संकाय विनिमय कार्यक्रम' के अंतर्गत एक शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों के व्याख्यानों के माध्यम से नवीन ज्ञान एवं अकादमिक दृष्टिकोण से परिचित कराना था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय राजीव गांधी पी.जी. महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. ए.के. सिन्हा उपस्थित रहे।उन्होंने भूगोल विषय से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में उन्होंने भूगोल के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पक्षों, पर्यावरणीय परिवर्तनों, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा समकालीन भौगोलिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने उनके व्याख्यान को अत्यंत रुचि एवं उत्साह के साथ सुना तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर सिंह की उपस्थिति रही। साथ ही आई. क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. तोयज शुक्ला ने कार्यक्रम के आयोजन में




महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।यह संकाय विनिमय कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, ज्ञानवर्धन एवं विषय के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने की दिशा में अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# पंचकर्म की पांचों मुख्य क्रियाओं से संभव है पुराने और आधुनिक रोगों का स्थाई इलाजः डॉ. सोनू राजवाड़े

## बैकुंठपुर में पहल पंचकर्म चिकित्सा का शुभारंभ

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

बैकुंठपुर - कोरिया जिला आयुर्वेद ग्राम चेर स्थित वैध रामप्रसाद राजवाड़े औषधालय में 3 अगस्त 2026 दिन सोमवार को पंचकर्म चिकित्सा सुविधा का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा भगवान धन्वंतरि के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। आधुनिक जीवनशैली, अत्यधिक मानसिक तनाव और असंतुलित खान-पान के कारण आज समाज में मोटापा, मधुमेह, पुरानी जकड़न, त्वचा रोग और रीढ़-जोड़ों की बीमारियां महामारी की तरह बढ़ रही हैं इन गंभीर समस्याओं पर डां. सोनू राजवाड़े एमडी आयु. ने बताया कि आयुर्वेद की मुख्य आधारशिला ₹पंचकर्म₹ शरीर में जमे 'आम' (विषाक्त कचरे) को बाहर निकालकर व्यक्ति को अंदर से पुनर्जीवित करती है। पारंपरिक पंचकर्म की पांचों शुद्धिकरण प्रक्रियाएं आधुनिक रोगों को जड़ से मिटाने में सक्षम हैं।यह नियंत्रित औषधीय उल्टी की प्रक्रिया है, जो शरीर के ऊपरी हिस्से और छाती से अतिरिक्त 'कफ दोष' और विषाक्त तत्वों को बाहर निकालती है। यह चयापचय, सांस की समस्याओं और पुराने त्वचा रोगों के लिए अचूक है। उन्होंने आगे बताया कि इस दस्त चिकित्सा के माध्यम से पाचन तंत्र और लीवर से अतिरिक्त 'पित्त दोष' को साफ किया जाता है। यह पुरानी कब्ज, मोटापा, सोरायसिस और चयापचय संबंधी विकारों में अत्यंत लाभकारी है।

वहीं वैध रामप्रसाद राजवाड़े ने अपने संबोधन में कहा कि पंचकर्म की सबसे प्रधान चिकित्सा माना जाता है, जिसमें औषधीय तेल या काढ़े का एनीमा दिया जाता है यह सीधे बढ़े हुए 'वात दोष' को नियंत्रित कर साइटिका, स्लिप डिस्क, गठिया और हड्डियों की कमजोरी को दूर करती है। पंचकर्म चिकित्सा शुभारंभ के दौरान राजेन्द्र सोनी,राजलाल राजवाड़े, प्रकाश राजवाड़े, ईश्वर राजवाड़े, सुखलाल राजवाड़े, विश्वनाथ राजवाड़े, बाबूलाल राजवाड़े, राजेश राजवाड़े, अनिल राजवाड़े,रेनू दुबे, मनोज कुमार, रेहान अंसारी, कृष्ण राजवाड़े, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।



## संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के कोटवर सरैयां के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत । सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया । बिहार थाना क्षेत्र के मलौना निवासी राहुल 36पुत्र सुखराम पासी मौरांवा से अपने गांव वापस आ रहा था ।देर रात लगभग 8 बजे थाना क्षेत्र के गांव कोटलर सरैयां के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से खंती मे चला गया । जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया ।मृतक के एक पुत्र आर्यन 6 व बेटी अच्छिता 4 वर्ष है ।पत्नी ममता रो रो कर बेहाल है ।थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि शल को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया हैं ।तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी ।

### जहरीले कीड़े के काटने से एक किशोर समेत दो लोगों की हालत बिगड़ी

संवाददाता

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में जहरीले कीड़े के काटने से एक किशोर समेत दो लोगों की हालत बिगड़ गई।परिजनों ने दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा हैबेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम रुरी रसूलपुर निवासी 15 वर्षीय अंकुर पुत्र मुन्नीलाल को घर के पास किसी जहरीले कीड़े ने डस लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने आनन-फानन उसे सीएचसी बांगरमऊ पहुंचाया।

# गर्भवती महिलाओं के खानपान में विशेष सावधानी जरूरीः डॉ. आफताब अहमद

संवाददाता

बांगरमऊ, उन्नाव।गर्भावस्था का समय किसी भी महिला के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील दौर होता है।इस दौरान गर्भ में पल रहे शिशु का संपूर्ण विकास सीधे तौर पर माँ के खानपान और जीवनशैली पर निर्भर करता है। गर्भवती महिलाओं को अपने और अपने होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य के लिए खानपान में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ के प्रसिद्ध महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. आफताब अहमद ने गर्भवती महिलाओं के लिए एक स्वस्थ और संतुलित आहार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की हैं।डॉ. आफताब अहमद का कहना है कि गर्भवती महिला को अपने दैनिक भोजन में प्रोटीन, विटामिन, आयरन, कैल्शियम और काबोर्हाइड्रेट का सही संतुलन रखना चाहिए। भोजन ऐसा



होना चाहिए जो पचने में आसान हो और शरीर को पूरी ऊर्जा दे। खून की कमी (एनीमिया) से बचने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां (पालक, मेथी), अनार, चुकंदर, और दालों का सेवन प्रचुर मात्रा में करना चाहिए।फोलिक एसिड बच्चे के मस्तिष्क के विकास में मददगार होता है।हड्डियों की मजबूती के लिए दूध, दही, पनीर और छाछ को अपनी डेली डाइट का हिस्सा बनाएं। शरीर की रिकवरी और शिशु के विकास के लिए पनीर, सोयाबीन, अंडे (यदि मां शाकाहारी नहीं है), दालें और सूखे मेवे बेहद जरूरी हैं। ताजे फल, सलाद और साबुत अनाज खाने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है और कब्ज की समस्या से राहत मिलती है। डॉ. आफताब अहमद ने चेतावनी दी है कि कुछ खाद्य पदार्थ और आदतें गर्भस्थ शिशु के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं जैसे अंडा, मांस या मछली पूरी तरह पकी हुई होनी चाहिए। कच्चे या अधपके भोजन में हानिकारक बैक्टीरिया हो सकते हैं। मैदे से बनी चीजें, अत्यधिक मसालेदार और तली-भुनी चीजें खाने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे गैस, एसिडिटी और वजन असंतुलित होने का खतरा रहता है। चाय और कॉफी का अत्यधिक सेवन गर्भस्थ शिशु के विकास को प्रभावित कर सकता है। दिन में 1-2 कप से ज्यादा कैफीन न लें।स्ट्रीट फूड या खुले में बिकने वाली चीजें खाने से फूड पॉइजनिंग और इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. आफताब अहमद के अनुसार, गर्भवती महिलाओं को दिनभर में कम से कम 8 से 10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। पर्याप्त पानी पीने से डिहाइड्रेशन नहीं होता, यूरिन इन्फेक्शन का खतरा टलता है और शरीर से विषैले तत्व बाहर निकलते हैं। पानी के अलावा नारियल पानी, नींबू पानी और ताजा फलों का रस भी फायदेमंद होता है। अंत में डॉ. आफताब अहमद ने सलाह दी कि हर गर्भवती महिला की शारीरिक स्थिति अलग होती है, इसलिए किसी भी तरह के सप्लीमेंट (जैसे आयरन या कैल्शियम की गोलियां) लेने से पहले अपने नजदीकी महिला रोग विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य करें और नियमित अंतराल पर अपनी जांच कराते रहें।

# महाप्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे ने उफकर के महानिदेशक के साथ की उच्चस्तरीय बैठक

### रेलवे की डिजिटल कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं तकनीक-सक्षम बनाने पर हुआ व्यापक विचार-विमर्श

रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र नई दिल्ली के महानिदेशक श्री सत्य कुमार ने मंगलवार, 4 अगस्त 2026 को उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे श्री पंकज शर्मा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान रेलवे की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं तकनीक-सक्षम बनाने के उद्देश्य से विकसित किए जा रहे विभिन्न सॉफ्टवेयर, डिजिटल प्लेटफॉर्म तथा भविष्य की आईटी पहलों पर विस्तृत चर्चा की गई। महानिदेशक श्री सत्य कुमार ने उफकर द्वारा विकसित विभिन्न अनुप्रयोगों में किए जा रहे




सुधारों, नई सुविधाओं तथा रेलवे के डिजिटल परिवर्तन को गति देने के लिए किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। बैठक में विभिन्न विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों की परिचालन एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप सॉफ्टवेयर में सुधार, नई सुविधाओं तथा प्रक्रियाओं को और अधिक सरल एवं उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किए। इन सुझावों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। महाप्रबंधक श्री पंकज शर्मा ने उफकर द्वारा किए जा रही अच्छी पहल की सराहना करते हुए अधिकारियों और सुपरवाइजर के लिए नए डैशबोर्ड तथा मॉनिटरिंग मेकैनिज्म विकसित करने पर बल दिया।

# बस का इंतजार कर रही महिला से सामूहिक दुष्कर्म, चार आरोपी गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर, चांदनी बिहारपुर। सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म का एक गंभीर मामला सामने आया है। घटना के सामने आने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता कोरिया जिले की रहने वाली है। वह किसी पारिवारिक कार्य से अपने रिश्तेदार के यहां आई हुई थी।काम पूरा होने के बाद जब वह अपने घर लौटने के लिए बस स्टैंड पहुंची तो उसकी बस छूट चुकी थी। इसके बाद वह घर जाने के लिए किसी अन्य वाहन अथवा



साधन का इंतजार कर रही थी।

इसी दौरान चार युवकों ने कथित रूप से महिला को अपने झांसे में लिया और अन्यत्र ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता किसी तरह वहां से निकली और अपने परिजनों को पूरी जानकारी दी। इसके बाद उसने पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई।बताया गया है कि पीड़िता ने सबसे पहले कोरिया जिले में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि घटना का स्थान चांदनी बिहारपुर थाना क्षेत्र में आता है। इसके बाद मामला संबंधित थाना क्षेत्र को हस्तांतरित किया गया। चांदनी पुलिस ने शिकायत मिलते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों तथा अन्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर चारों आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की प्रासंगिक धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर तत्काल कार्रवाई की गई है।मामले की विस्तृत विवेचना जारी है तथा सभी आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं, ताकि न्यायालय में मजबूत अभियोजन प्रस्तुत किया जा सके। अधिकारियों ने यह भी कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध के मामलों में पुलिस संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई कर रही है तथा दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।।इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय क्षेत्र में लोगों में आक्रोश और चिंता का माहौल है। लोगों ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रभावी कदम उठाने तथा सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।वहीं पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अपराध की जानकारी तत्काल निकटतम थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# खाली प्लॉट में मिला युवक का शव जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता

उन्नाव। कोतवाली सदर क्षेत्र के हुसैनगंज में मंगलवार सुबह एक खाली प्लॉट में युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शराब की दुकान के पास पड़े शव की सूचना पर डायल 112 और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आसपास मौजूद लोगों से भी पूछताछ की गई ।जांच में मृतक की पहचान मुकीम पुत्र नसीम के रूप में हुई। वह हरी मस्जिद, कोतवाली सदर का रहने वाला था और उसकी उम्र करीब 35 वर्ष थी।सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मुकीम लंबे समय से शराब पीने का आदी था। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि शव पर किसी तरह के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं।



मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। रिपोर्ट के आधार पर आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सम्पादकीय

# उपचुनाव में हार भाजपा के लिए आत्ममंथन का समय

उपचुनाव के नतीजे भले ही तीन विधानसभा सीटों तक सीमित हों, लेकिन इनके राजनीतिक संकेत इससे कहीं बड़े हैं। बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की तीन सीटों में से भाजपा को दो पर हार का सामना करना पड़ा है। गुजरात के मंजलपुर में पार्टी की जीत जरूर राहत देने वाली है, लेकिन बिहार की बांकीपुर और मध्य प्रदेश की दतिया सीट पर मिली हार पर भाजपा को आत्ममंथन की जरूरत है। बिहार की बांकीपुर सीट भाजपा के लिए लंबे समय से मजबूत गढ़ रही है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन यहां से लगातार पांच बार विधायक रहे। उनके राज्यसभा जाने के बाद हुए उपचुनाव में पार्टी को पूरी उम्मीद थी कि उसका यह किला सुरक्षित रहेगा। खुद नवीन का यह कहना कि बांकीपुर से किसी को भी खड़ा कर दिया जाए, जीत तय है, पार्टी के आत्मविश्वास को दिखाता था, लेकिन जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने इस किले में सेंध लगा दी। इससे भी बड़ी बात यह है कि राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवार रेखा गुप्ता तीसरे स्थान पर रहीं। यानी मुकाबले ने परंपरागत भाजपा बनाम आरजेडी समीकरण से बाहर निकलकर एक नया राजनीतिक संदेश दिया है। सवाल केवल बांकीपुर हारने का नहीं है। सवाल यह है कि क्या भाजपा अपने पुराने संगठनात्मक प्रभाव और पारंपरिक वोट बैंक के भरोसे जरूरत से ज्यादा आश्वस्त हो गई थी? बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार लंबे समय तक प्रशासनिक अनुभव और राज्य के बारीक समीकरणों को साधने वाले नेता रहे हैं। अब सत्ता के समीकरण बदलने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सामने अपनी राजनीतिक पकड़ और प्रशासनिक स्वीकार्यता साबित करने की चुनौती है। बांकीपुर का परिणाम इस चुनौती की ओर संकेत करता है। वहीं, मध्य प्रदेश की दतिया सीट का परिणाम तो भाजपा के लिए और भी असहज करने वाला है। पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा इस सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी में थे और टिकट के दावेदार भी थे। इसके बावजूद पार्टी ने उन्हें मैदान में नहीं उतारा और आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया। नतीजा यह रहा कि कांग्रेस ने सीट जीत ली। यहां एक और सवाल मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व से जुड़ता है। शिवराज सिंह चौहान के लंबे कार्यकाल में भाजपा ने जिस तरह संगठन, सरकार और जनता के बीच संवाद का तंत्र विकसित किया था, उसे बनाए रखना अब मोहन यादव सरकार की बड़ी चुनौती है। नेतृत्व बदलने के बाद जनता का मूड और संगठन की जमीन समझना आसान नहीं होता। उपचुनाव अक्सर इसी परीक्षा का पहला परिणाम देते हैं। इन नतीजों के बीच जेन जी आंदोलन के संभावित प्रभाव को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। नई पीढ़ी के मतदाताओं के मुद्दे, बेरोजगारी, अवसर, शासन और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे सवाल अब चुनावी विमर्श को तेजी से प्रभावित कर रहे हैं। भाजपा को यह समझना होगा कि युवा मतदाता केवल पुराने राजनीतिक समीकरणों के आधार पर वोट नहीं करता।  चुनाव में संगठन जितना महत्वपूर्ण है, सही उम्मीदवार उतना ही निर्णायक होता है। दतिया में टिकट चयन पर उठे सवाल भाजपा को यह सोचने पर मजबूर करेंगे कि जमीनी लोकप्रियता और संगठन की पसंद के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। उपचुनाव सत्ता बदलने का जनादेश नहीं होते, लेकिन वे जनता के बदलते मिजाज की घंटी जरूर बजाते हैं। भाजपा के लिए संदेश साफ है गढ़ हमेशा के लिए गढ़ नहीं रहते, संगठन हमेशा चुनाव नहीं जिताता और पुराना समीकरण हमेशा काम नहीं करता।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

# उत्पादन बढ़ने के बावजूद दालों की कमी

**देश में दलहन और तिलहन का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है, बावजूद देश में दालों और खाद्य तेलों की कमी बनी हुई है। आयात करके दाल और तेल की आपूर्ति की जा रही है। लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने बताया था कि बीते पांच सालों में दलहन और तिलहन के उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई है, लेकिन घरेलू मांग को पूरी करने के लिए बड़े पैमाने पर इन खाद्यों का आयात करना पड़ता है। साल 2024-25 में देश का कुल दलहन उत्पादन 256.83 लाख टन और तिलहन का उत्पादन 429.89 लाख टन था। जबकि साल 2023-2024 में दलहन 242.46 लाख टन और तिलहन का उत्पादन 396.69 लाख टन रहा था।**

देश में दलहन और तिलहन का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है, बावजूद देश में दालों और खाद्य तेलों की कमी बनी हुई है। आयात करके दाल और तेल की आपूर्ति की जा रही है। लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने बताया था कि बीते पांच सालों में दलहन और तिलहन के उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई है, लेकिन घरेलू मांग को पूरी करने के लिए बड़े पैमाने पर इन खाद्यों का आयात करना पड़ता है। साल 2024-25 में देश का कुल दलहन उत्पादन 256.83 लाख टन और तिलहन का उत्पादन 429.89 लाख टन था। जबकि साल 2023-2024 में दलहन 242.46 लाख टन और तिलहन का उत्पादन 396.69 लाख टन रहा था। नतीजतन 2024-25 में दालों का आयात बढ़कर 72.56 लाख टन हो गया, जो पांच साल के पहले की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है।

इसी तरह आयात बिल भी बढ़कर 46,427 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इसी प्रकार 2024-25 में खाद्य तेलों का आयात 164.10 लाख टन रहा। जिस पर देश को 1.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने पड़े। घरेलू मांग और उत्पादन के बीच बड़े अंतर के चलते आयात की जरूरत पड़ती है। इस चुनौती से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने दलहन में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य तो तय कर दिया है, लेकिन अभी परिणाम मिलना शुरू नहीं हुए हैं। भारत सरकार ने दो प्रमुख कृषि योजनाओं की शुरुआत की है। ये धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन नाम से की गई ये योजनाएं यदि खेत में खरी उतरती हैं तो किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देश दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। इन योजनाओं के लिए 35,440 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आरंभ की जा रही हैं। दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्ष 2030-31 तक उत्पादन को 252 लाख टन से बड़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है। इस हेतु 35 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि दलहन उत्पादन के दायरे में लाई जाएगी। विडंबना देखिए, भारत दुनिया का सबसे बड़ा दलहन उत्पादन और उपभोक्ता देश है, लेकिन दालों की आपूर्ति आयात पर निर्भर है। हालांकि नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल में कृषि निर्यात दोगुना हो गया है, लेकिन दालें आयात करनी पड़ती हैं। आहार में पौष्टिक तत्वों का कारक मानी जाने वाली दालें,बढ़ते दामों के कारण गरीब की शारीरिक जरूरत पूरी नहीं कर रही हैं। ये हालात मानसून के दौरान औसत से कम या ज्यादा बारिश होने से तो उत्पन्न होते ही हैं, किसान के नकदी फसलों की ओर रुख करने के कारण भी हुए हैं। भारत में दालों की सालाना खपत 220 से 230 लाख टन है। मांग और आपूर्ति के इस बड़े अंतर के चलते जमाखोरों और दाल के आयातक व्यापरियों को भी बारे-न्यारे करने का मौका मिल जाता है। इस साल बारिश की कमी के चलते दालों का उत्पादन भी कम होने की आशंका है।

पौष्टिक आहार देश के हरेक नागरिक के स्वस्थ जीवन से जुड़ा अहम प्रश्न है। संविधान के मूलभूत अधिकारों में भोजन का अधिकार शामिल है। दालें प्रोटीन और पौष्टिकता का महत्वपूर्ण जरिया हैं। चूंकि दालें



आयात करनी होती हैं, इसलिए इनके भाव भी बीच-बीच में बढ़ जाते हैं। इस कारण मध्यवर्गीय व्यक्ति की थाली से दाल गायब होने लगती है। चुनांचे दालें व्यक्ति की सेहत से जुड़ी हैं और बीमारी की हालत में तो रोगी को केवल दाल-रोटी खाने की ही सलाह चिकित्सक देते हैं। वर्ष 1951 में प्रतिव्यक्ति दालों की उपलब्धता 60 ग्राम थी, जो वर्ष 2010 में घटकर 34 ग्राम रह गई। जबकि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार यह मात्रा 80 ग्राम होनी चाहिए। दालें भारत में प्रोटीन का प्रमुख स्त्रोत मानी जाती हैं, लेकिन स्थानीय मांग पूरी करने के लिए दाल उत्पादन में किसान को बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। तुअर दाल की फसल आठ माह में तैयार होती है। बावजूद किसान को उचित दाम नहीं मिलते हैं। गोया, किसान साल में एक फसल उगाने में रुचि कैसे लें ? विदेशों में रहने वाले भारतीय भी सबसे ज्यादा तुअर की दाल खाना पसंद करते हैं। देश में सबसे अधिक चने और अरहर की खेती होती है। इनके अलावा मूंग और उड़द की दालें पैदा होती हैं। दालें मुख्य रूप से खरीफ की फसल हैं,जो वर्षा ऋतु में बोई जाती हैं। इस ऋतु में करीब 70 प्रतिशत दालों का उत्पादन होता है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार दालों के तात्कालिक भाव 72 रुपये प्रति किलो से लेकर 130 रुपये किलो तक हैं। भावों में इस उछाल का कारण जमाखोरी और सट्टेबाजी के साथ आयात का कुचक्र भी है। बड़ी कंपनियां जब से दाल के व्यापार से जुड़ी हैं,तब से ये जब चाहे तब मुनाफे के लिए दाल से खिलवाड़ करने लग जाती हैं। जब कंपनियां बड़ी तादाद में दालों का भंडारण कर लेती हैं,तो भावों में कृत्रिम उछाल आ जाता है। हालांकि केंद्र सरकार दालों का भंडारण सीमित करके भी भावों को नियंत्रित करने का उपाय करती है। इस कारण तत्काल भाव नियंत्रित हो जाते हैं, लेकिन मीडिया दाल के बढ़ते भावों को गरीब की थाली से जोड़कर उछालता है। तब सरकार दाल के आयात के लिए विवश हो जाती है।

मसलन देशी-विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हर हाल में पौ-बारह बने रहते हैं। इन कंपनियों का दबदबा इतना है कि कोई भी राज्य सरकार इनके गोदामों पर छापे डालने का जोखिम उठाने का साहस नहीं जुटा पाती। लिहाजा कालाबाजारी बदस्तूर रहती है। कनाडा एशियाई देशों में सबसे ज्यादा दालों का निर्यात करने वाला देश है। यह कहने में कोई दो राय नहीं कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बात तो छोड़िए, देशी कंपनियां भी भारतीय कृषि को बदहाल बनाए रखना चाहती हैं। आयात की जब इन्हें खुली छूट मिल जाती है तो ये जरूरत से ज्यादा दाल व तेल का आयात करके भारत को डंपिंग ग्राउंड बना देती हैं। तय है, कालांतर में भारत की तरह दूसरे देशों में यदि मौसम रूठ जाता है तो दाल और प्याज की तरह खाद्य-तेल के भाव भी आसमान छूने लग जाते हैं। सस्ते तेल का आयात जारी रहने की वजह से ही भारत में तिलहन का उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

बावजूद हमारे नेता ऐसी नीतियों को बढ़ावा देने की कोशिशों में लगे रहे हैं कि दलहन और तिलहन के क्षेत्र में भारत पूरी तरह परावलंबी बना रहे। इस परिप्रेक्ष्य में मनमोहन सरकार के कृषि मंत्री बलराम जाखड़ ने सलाह दी थी कि भारत अफ्रीका में दालें उगाए और फिर आयात करे। इसी तरह संप्रग सरकार में कृषि मंत्री रहे शरद पवार म्यांमार और उरूग्वे में दालें पैदा कराकर आयात करना चाहते थे। ये सुझाव समझ से परे हैं। आखिर ऐसे क्या रहस्य हैं कि हमारे नीति-नियंता विदेशी धरती पर तो दाल उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहते हैं, किंतु देश के किसानों को लाभकारी मूल्य देना नहीं चाहते ? ऐसी भाषाएं देश की खाद्य सुरक्षा को जान-बूझकर संकट में डालने जैसी लगती हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

आर्थिकी
ऋषभ मिश्रा




# भविष्य की मुद्रा व्यवस्था और भारत का पॉलीमर प्रयोग

भारत की अर्थव्यवस्था आज एक ऐसे संक्रमण काल से गुजर रही है, जहां एक ओर डिजिटल भुगतान क्रांति अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर नकदी का महत्व भी कम नहीं हुआ है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने भुगतान प्रणाली को सरल, त्वरित और सर्वसुलभ बनाया है, लेकिन इसके बावजूद देश में नकदी की मांग लगातार बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2026 तक प्रचलन में मुद्रा का मूल्य लगभग 41.23 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत अधिक है। मुद्रा-से-जीडीपी अनुपात भी बढ़कर 12.1 प्रतिशत हो गया है। यह तथ्य स्पष्ट संकेत देता है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार के बावजूद नकदी भारतीय आर्थिक व्यवस्था की एक मजबूत आवश्यकता बनी हुई है। ऐसे समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पॉलीमर अथवा प्लास्टिक नोटों को अपनाने की दिशा में बढ़ाया गया कदम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल) ने ओपेसिफाइड पॉलीमर सब्सट्रेट शीटों की आपूर्ति के लिए वैश्विक निविदाएं आमंत्रित की हैं। यह केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि भारतीय मुद्रा व्यवस्था में संभावित ऐतिहासिक परिवर्तन का संकेत है। यदि यह योजना सफल होती है तो आने वाले वर्षों में भारतीय मुद्रा की संरचना, सुरक्षा और टिकाऊपन में व्यापक बदलाव देखने को मिल सकता है। वस्तुतः भारत में नकदी का उपयोग केवल भुगतान का माध्यम नहीं है, बल्कि आर्थिक विश्वास और सामाजिक व्यवहार का हिस्सा भी है। ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे व्यापारियों, कृषि क्षेत्र तथा असंगठित अर्थव्यवस्था में आज भी नकदी प्रमुख भूमिका निभाती है। देश की विशाल आबादी का एक बड़ा वर्ग अभी भी नकद लेन-देन को अधिक सहज और विश्वसनीय मानता है। नकदी की बढ़ती मांग के साथ नोटों की छपाई और रख-रखाव पर होने वाला व्यय भी लगातार बढ़ता रहा है। हर वर्ष बड़ी संख्या में नोट फटने, गंदे होने, नमी से खराब होने तथा अत्यधिक उपयोग के कारण अनुपयोगी हो जाते हैं। इन नोटों को बदलने के लिए नए नोट छापने पड़ते हैं, जिससे सरकार और आरबीआई पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है। भारत जैसे विशाल देश में जहां अरबों नोट प्रचलन में हैं, वहां मुद्रा की टिकाऊपन बढ़ाना आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन जाता है। इसी संदर्भ में पॉलीमर नोट एक प्रभावी विकल्प के रूप में सामने आए हैं। गौरतलब है कि पॉलीमर नोट विशेष प्रकार के प्लास्टिक आधारित पदार्थ से निर्मित किए जाते हैं। सामान्य कागजी नोट जहां कपास आधारित विशेष कागज से बनाए जाते हैं, वहीं पॉलीमर नोट अत्यधिक मजबूत और लचीले प्लास्टिक सब्सट्रेट पर मुद्रित होते हैं। इनकी सबसे बड़ी विशेषता इनकी दीर्घायु है। विशेषज्ञों के अनुसार पॉलीमर नोटों की आयु पारंपरिक कागजी नोटों की तुलना में दो से चार गुना अधिक होती है। ये पानी, नमी, धूल, तेल, पसीने तथा बार-बार मोड़े जाने से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होते हैं। भारत की जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए यह विशेषता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। देश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी, आर्द्रता, मानसून और धूल जैसी परिस्थितियां सामान्य हैं। ऐसे वातावरण में कागजी नोट अपेक्षाकृत जल्दी खराब हो जाते हैं। पॉलीमर नोट इस समस्या का दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके साथ ही पॉलीमर नोटों का दूसरा महत्वपूर्ण लाभ सुरक्षा से जुड़ा है। नकली मुद्रा भारत की आर्थिक सुरक्षा के लिए लंबे समय से एक चुनौती रही है। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025-26 के दौरान बैंकिंग प्रणाली में लगभग 2.3 लाख नकली नोटों की पहचान की गई थी। यद्यपि यह संख्या कुल प्रचलित नोटों की तुलना में बहुत कम है, फिर भी इसका राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पॉलीमर नोटों में ऐसे कई उन्नत सुरक्षा फीचर जोड़े जा सकते हैं जिनकी नकल करना अत्यंत कठिन होता है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों के अनुभव बताते हैं कि पॉलीमर नोटों के प्रचलन से नकली मुद्रा के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। यदि आरबीआई और सरकार चरणबद्ध तरीके से इस योजना को लागू करते हैं, तो भारत भी उन अग्रणी देशों की श्रेणी में शामिल हो सकता है जिन्होंने अपनी मुद्रा प्रणाली को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सफलतापूर्वक रूपांतरित किया है। निस्संदेह, प्लास्टिक नोट भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए केवल एक नया प्रयोग नहीं, बल्कि वित्तीय आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हो सकते हैं

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश ही देवता



संकलित
दर्शन

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा: तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला- दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला- तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला- खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गए हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहां एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोला- शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## सटाका




## आज की पाती

### साइबर सुरक्षा के लिए जनचेतना जरूरी

आज हमारे देश में साइबर फ्रॉड के मामले बहुत बढ़ गए हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान बहुत जरूरी है। साइबर सुरक्षा के लिए इन बातों पर ध्यान रखना जरूरी है। एसएमएस या व्हाट्सएप पर आए किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। किसी को भी ओटीपी या अपने इंटरनेट बैंकिंग की डिटेल न दें। केवाईसी के नाम पर भी साइबर फ्रॉड हो सकता है। इसके लिए बैंक से संपर्क करें। आजकल तो ई-चालान, बिजली बिल भरने के नाम पर धोखाधड़ी के मैसेज आ रहे हैं, इनसे भी सावधान रहें। अपने नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के पासवर्ड और पिन बदलते रहें। हालांकि सरकार ने साइबर धोखाधड़ी से बचने के अनेक उपाय किए हैं, लेकिन समूह समाज को भी सचेत रहना होगा।

*- डा. प्रशांत शुक्ला, बहल, भिवानी*

## करंट अफेयर

### आंग सान सू ची से रेड क्रॉस के प्रतिनिधि ने मुलाकात की

म्यांमा की पूर्व नेता आंग सान सू ची से अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (आईसीआरसी) के प्रतिनिधि ने सोमवार को राजधानी में मुलाकात की। सैन्य समर्थित सरकार ने यह जानकारी दी। वर्ष 2021 में सेना द्वारा सत्ता अपने हाथ में लिये जाने के बाद से सू ची 'नजरबंद' हैं, ऐसे में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता के लिए बाहरी दुनिया से संपर्क का यह एक दुर्लभ अवसर रहा। घोषणा के साथ जारी दो तस्वीरों में सू ची म्यांमा में आईसीआरसी के प्रतिनिधि अरनॉड डी बैक से हाथ मिलाती तथा लकड़ी की आंतरिक सज्जा वाले कक्ष में उनके साथ बातचीत करती दिखाई दे रही हैं। तस्वीरें जारी करने वाले राष्ट्रपति प्रेस एवं सूचना ब्यूरो ने बताया कि यह बैठक सोमवार सुबह हुई। हालांकि, ब्यूरो ने बैठक के स्थान और बातचीत के विषय में कोई जानकारी नहीं दी। जारी की गई दो अन्य तस्वीरों में सू ची केक काटती नजर आ रही हैं। केक पर 'हेपी बर्थ डे आंटी सू, 19-6-2026' लिखा है। इससे संकेत मिलता है कि ये तस्वीरें जून में उनके 81वें जन्मदिन के अवसर पर ली गई होंगी। तस्वीरों में सू ची सहज और मुस्कुराती दिखाई दे रही हैं। वे किसी प्रकार से अस्वस्थ भी नहीं लग रही हैं। हालांकि, केवल तस्वीरों के आधार पर उनकी वास्तविक शारीरिक स्थिति का स्वतंत्र रूप से आकलन नहीं किया जा सकता।



## ऑफ बीट

### बच्चों को जेब खर्च देने का नफा-नुकसान

जब मैं छोटा था, तब मेरे साथ के कई बच्चे जेब खर्च निकालने के लिए पड़ोसियों के शिशुओं की देखभाल करने, उनके बगीचे में घास काटने, कुत्तों को टहलाने या गाड़ियां धोने जैसे काम किया करते थे। मगर आज बच्चों के लिए भुगतान ऐप, खर्च पर नजर रखने वाले साधनों और ऐसी अन्य सुविधाओं की उपलब्धता के चलते तस्वीर काफी बदल गई है। इसके बावजूद बच्चों को जेब खर्च दिए जाने के मामले में आज भी कुछ ऐसे पुराने सवाल शामिल हैं, जिनमें मुझ जैसे व्यवहारिक अर्थशास्त्रियों को दिलचस्पी है। क्या बच्चों को पैसे कमाने के वास्ते मेहनत करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए, जैसे कि पड़ोसियों के घर का कोई काम? या फिर घर के कामों में मदद के बदले भी उन्हें पैसे दिए जाने चाहिए? अगर हम बच्चों को उनके घरेलू कामों के बदले पैसे देते हैं, तो क्या इससे उनमें बिना किसी स्वार्थ के मदद करने के बजाय पैसे को ज्यादा अहमियत देने की आदत विकसित होने का खतरा है। यह धारणा नयी नहीं है कि किसी काम के लिए पैसे देने से व्यक्ति में उस काम को करने की अंदरूनी (स्वतंत्र और स्वाभाविक) प्रेरणा कम या खत्म हो सकती है। इस बात के मिले-जुले प्रमाण हैं कि क्या पैसे देने से व्यक्ति की अंदरूनी प्रेरणा कम हो जाती है।



## ट्रेंड

### कानून का समर्थन

जो कोई भी उस कानून का समर्थन करता है जिसे बीजेपी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं को फिर से तय करने के लिए लाने की योजना बना रही है, वह तमिलनाडु के साथ सबसे बड़ा धोखा कर रहा है।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस



### एथलीट्स को बधाई

ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में 39 मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन करने वाले हमारे बेहतरीन एथलीट्स को बहुत-बहुत बधाई। हमारे एथलीट्स ने कई यादगार कारनामे किए और देश का मान बढ़ाया है।

- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उप्र



### सुप्रीम कोर्ट संशोधन विधेयक

लोकसभा द्वारा सुप्रीम कोर्ट संशोधन विधेयक, 2026 पारित होने से न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़कर 37 हो जाएगी। यह निर्णय लंबित मामलों के त्वरित निपटान में तेजी लाएगा और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के नागरिकों के लिए न्याय तक पहुंच को आसान बनाएगा।

- **सम्राट चौधरी**, सीएम, बिहार



### झूठा हलफनामा

झारखंड में सीआईडी की जांच सिर्फ मामले को दबाने की कोशिश है। जेएसएससी परीक्षा में सीट बेचने के मामले में सीआईडी के एडीजी पहले ही झूठा हलफनामा दाखिल कर चुके हैं। जब जांच एजेंसी की निष्पक्षता पर ही गंभीर सवाल हों, तो निष्पक्ष जांच कैसे हो ?

- **बाबूलाल मरांडी**, पूर्व सीएम, झारखंड





खबर संक्षेप

## 19 साल बाद कोलकाता लौटी तस्लीमा नसरीन



**कोलकाता।** बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन शुक्रवार को 19 साल बाद कोलकाता पहुंचीं। कोलकाता पहुंचने पर तस्लीमा नसरीन बेहद खुश दिखाई दीं। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए अपने देश लौटने जैसा है। मैं खुशी और दर्द दोनों के साथ लौटी हूं। साल 2003 में तस्लीमा नसरीन की किताब द्विखंडित पर पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद साल 2007 में हुए भारी विरोध प्रदर्शनों के बाद तस्लीमा नसरीन को कोलकाता छोड़ना पड़ा था। तस्लीमा नसरीन पर मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को आहत करने का आरोप लगा था।


**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रामदास आ०/पति झरी साव जाति तेली, निवासी मणीपुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-मणीपुर, शीट नम्बर-10 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4145/3 रकबा 0.01 1/4 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक - 05/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 21/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर


### रूस-यूक्रेन जंग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

# कहा- मारे गए और लापता भारतीयों के परिवारों की हरसंभव मदद करे केंद्र

**पहचान के लिए** डीएनए सैंपल का मिलान कराएं मुआवजा क्लेम दाखिल करने में सहायता करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान नौकरी का झांसा देकर रूस भेजे गए और बाद में युद्ध के मोर्चे पर पहुंचा दिए गए भारतीय नागरिकों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को अहम निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि विदेश मंत्रालय तुरंत एक नोडल अधिकारी नियुक्त करे, जो युद्ध में मारे गए, घायल हुए या अब भी लापता भारतीयों के परिवारों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखे और उन्हें हर जरूरी जानकारी व सहायता उपलब्ध कराए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि पीड़ित परिवार पहले ही भारी मानसिक और आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि उन्हें समय पर सही जानकारी और हर संभव मदद मिले।



बता दें, यह मामला उन भारतीय युवाओं से जुड़ा है, जिन्हें ट्रैवल एजेंटों ने रूस में अच्छी नौकरी का लालच देकर भेजा था। परिवारों का आरोप है कि वहां पहुंचने के बाद कई युवाओं को उनकी इच्छा के खिलाफ रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर भेज दिया गया। इस दौरान कई भारतीयों की मौत हो गई, कुछ घायल हुए और कई अब भी लापता बताए जा रहे हैं। इन्हीं परिवारों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सरकार से अपील की थी कि उनके परिजनों का पता लगाया जाए, मृतकों के पार्थिव शरीर भारत लाए जाएं और रूसी सरकार से उचित मुआवजा दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

> सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विदेश मंत्रालय तुरंत एक नोडल अधिकारी नियुक्त करे, जो युद्ध में मारे गए, घायल हुए या अब भी लापता भारतीयों के परिवारों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखे और उन्हें हर जरूरी जानकारी व सहायता उपलब्ध कराए

### पीड़ितों को उनकी भाषा में जानकारी दें

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि युद्ध में मारे गए भारतीयों की पहचान के लिए डीएनए सैंपल का मिलान कराया जाएगा। नई दिल्ली स्थित रूसी दूतावास के समक्ष मुआवजा क्लेम दाखिल कराने में विदेश मंत्रालय परिवारों की मदद करेगा। पीड़ित परिवारों को सभी जरूरी जानकारी और प्रक्रियाएं उनकी मातृभाषा या स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराई जाएंगी। राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण और राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण परिवारों को मुफ्त कानूनी सहायता देंगे।

### एनएएलएसए करे कानूनी प्रक्रिया में मदद

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) और राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरणों को निर्देश दिया है कि वे पीड़ित परिवारों की हर कानूनी प्रक्रिया में मदद करें। इसमें मुआवजा क्लेम दाखिल करना, जरूरी दस्तावेज तैयार करना, कागजी कार्रवाई पूरी कराना और पार्थिव शरीर की स्वदेश वापसी से जुड़ी औपचारिकताओं में सहायता शामिल है। अदालत ने कहा कि परिवारों को अनावश्यक कानूनी और प्रशासनिक परेशानियों का सामना नहीं करना चाहिए।

### 139 भारतीयों की रिहाई कराई

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि रूसी सेना में मौजूद भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए रूस के साथ लगातार संपर्क बना हुआ है। अब तक 139 भारतीय नागरिकों की रिहाई कराई जा चुकी है। मंत्रालय ने कहा कि अभी भी रूसी सेना में बताए जा रहे करीब दो दर्जन भारतीयों की रिहाई के प्रयास जारी हैं। साथ ही लोगों को ऐसे नौकरी के प्रस्तावों से सावधान रहने की सलाह दी गई, जो जोखिम भरे हों और संदिग्ध एजेंसियों द्वारा दिए जाते हों।

### *यूक्रेन में जहाज पर हमला, 2 भारतीय लापता*

*रणधीर जायसवाल ने बताया कि 25 जुलाई को ओडेसा बंदरगाह से रवाना हो रहे एमवी एजीएन रैगनर पर हमला हुआ था। जहाज पर चालक दल के सदस्य के रूप में चार भारतीय मौजूद थे। इनमें से दो सुरक्षित हैं, जबकि दो भारतीय अब भी लापता हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन और रोमानिया, दोनों पक्षों की ओर से खोज एवं बचाव अभियान चलाया गया है। भारत लगातार दोनों देशों के संपर्क में है ताकि लापता भारतीयों के बारे में जानकारी मिल सके। विदेश मंत्रालय उनके परिवारों के संपर्क में भी है और उन्हें हरसंभव सहायता दी जा रही है।*

यूक्रेन को दो टूक

### भारतीय नाविकों और जहाजों पर हमला अस्वीकार्य



भारत ने काला सागर में व्यापारिक जहाजों और भारतीय नाविकों पर हो रहे हमलों को लेकर यूक्रेन के सामने कड़ा रुख अपनाया है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा से फोन पर बातचीत में कहा कि किसी भी पक्ष की ओर से व्यापारिक जहाजों और भारतीय नाविकों पर किए गए हमले बिल्कुल स्वीकार नहीं हैं।

### पश्चिम एशिया संघर्ष में 16 भारतीयों की मौत

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने संसद को बताया कि वर्ष 2026 से अब तक 10 भारतीय नाविकों सहित 16 भारतीय नागरिकों की जान जा चुकी है, जबकि 75 भारतीय घायल हुए हैं। यह जानकारी विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

### नेपाल में सांप्रदायिक तनाव गहराया

## सप्तरी में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती

- *राष्ट्रपति और पीएम ने शांति बनाए रखने की अपील की*
- *अब तक हिंसा में 3 लोगों की मौत, 12 से अधिक घायल*





एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के भारत से सटे तराई क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। सुनसरी से शुरू हुई हिंसा अब सप्तरी, धनुषा और सिराहा तक फैल चुकी है। हालात को देखते हुए कई जिलों में कर्फ्यू, निषेधाज्ञा और सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती की गई है।

एहतियात के तौर पर सप्तरी जिला प्रशासन कार्यालय ने राजबिराज नगरपालिका के कुछ हिस्सों में शुक्रवार सुबह 8 बजे से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया।

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने शांति बनाए रखने की अपील करते हुए हिंसा की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### 4 जिलों में हालात बेकाबू

सप्ताहांत में सुनसरी में सांप्रदायिक झड़पें शुरू होने के बाद से नेपाल के कई जिलों में तनाव का माहौल बना हुआ है। हालात पर काबू पाने के लिए प्रशासन को कर्फ्यू और निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी है, जबकि सुरक्षा बलों की तैनाती भी बढ़ा दी गई है। सप्तरी में कर्फ्यू लगाए जाने के बाद कर्फ्यू वाले जिलों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। सुनसरी, धनुषा और सिराहा जिलों के कुछ हिस्सों में पहले से ही कर्फ्यू लागू है। ये सभी जिले भारत की सीमा से लगे नेपाल के दक्षिणी तराई क्षेत्र में स्थित हैं। अधिकारी हालात को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। अब तक इस हिंसा में 3 लोगों की जान जा चुकी है। रविवार को दो धार्मिक समुदायों के जुलूस और धार्मिक आयोजनों के दौरान हुए विवाद के बाद हालात बिगड़ गए।

### पहचान पत्र रखना अनिवार्य

गुरुवार को हिंसा पड़ोसी मधेस प्रांत तक फैल गई, जहां सिराहा जिले में हुई झड़पों में एक किशोर की मौत हो गई। वहीं, सुनसरी हिंसा में घायल एक अन्य व्यक्ति ने कोशी प्रांत में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सीमावर्ती सर्लाही जिले की जिला सुरक्षा समिति ने भारत से नेपाल में प्रवेश करने वाले सभी लोगों के लिए वैध पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य कर दिया है। इसकी जानकारी सहायक मुख्य जिला अधिकारी होम प्रसाद घिमिरे ने दी। एक अलग घटना में गुरुवार रात सिराहा जिले की लहान नगरपालिका में एक अज्ञात हमलावर ने पुलिस कॉन्स्टेबल नारद परियार को गोली मार दी। गोली उनकी दाहिनी जांघ में लगी, जिसके बाद उन्हें विराटनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

## ईओ अवनीश यादव की पहल से खुला वर्षों से बंद रास्ता, खत्म हुआ अतिक्रमण विवाद

महराजगंज जनपद के नगर पंचायत परतावल के वार्ड संख्या 07 अहिल्याबाई नगर देवीपुर में रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर वर्षों से चला आ रहा विवाद मंगलवार को प्रशासन की सक्रिय पहल और दोनों पक्षों की आपसी सहमति से समाप्त हुआ।

### मेटा की ग्लोबल टीम आएगी भारत

## एल्गोरिद्म और कंटेंट मॉडरेशन पर केंद्र सरकार को देगी जवाब





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की फेसबुक पोस्ट पर कुछ समय के लिए लगाए गए प्रतिबंध के मामले में केंद्र सरकार को विस्तृत जवाब देने अगले सप्ताह मेटा की वैश्विक टीम भारत आ सकती है। कंपनी एल्गोरिद्म और कंटेंट मॉडरेशन पर जवाब देगी।

### मेटा इंडिया प्रमुख पर एफआईआर दर्ज

सोशल मीडिया पर पीएम नरेंद्र मोदी के फर्जी और एआई-जनरेटेड वीडियो वायरल होने के मामले में हैदराबाद की साइबर क्राइम पुलिस ने फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा इंडिया के प्रमुख अरुण श्रीनिवास और कई सोशल मीडिया यूजर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि इन फर्जी वीडियो को सबसे पहले कहां से और किसने अपलोड किया, इन्हें किन खातों के जरिए आगे बढ़ाया गया और किस इरादे से फैलाया गया।

### माइनस 42 डिग्री तापमान में भी नहीं जमेगा तेल

## भारतीय सेना और बीपीसीएल ने तैयार किया खास 'एक्सट्रीम वेदर ग्रेड' ईंधन





लॉन्चिंग कार्यक्रम में सैन्य अधिकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना माइनस 50 डिग्री से लेकर प्लस 50 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में अपने भारी हथियारों और सैन्य साजो-सामान के साथ देश की सीमाओं की रक्षा करती है। सामान्य डीजल अत्यधिक कम तापमान में जमने लगता है। इसे दूर करने के लिए भारतीय सेना और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने मिलकर ऐसा एक्सट्रीम वेदर ग्रेड (एक्सडब्ल्यूजी) डीजल विकसित किया है, जो -42 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी नहीं जमेगा।

### ऑयल का फ्लो बाधित नहीं होगा

सामान्य डीजल में पैराफिन वैक्स मौजूद होता है, जो ईंधन को जरूरी चिकनाई और गाढ़ापन देता है। लेकिन तापमान शून्य से काफी नीचे जाने पर यही वैक्स जमने लगता है और डीजल के फ्लो में बाधा पैदा करता है। इससे ऑयल फिल्टर चॉक हो सकते हैं और गाड़ी स्टार्ट होने में दिक्कत आती है। एक्सट्रीम वेदर ग्रेड डीजल विकसित किया है। इसका पोर पॉइंट -42 डिग्री सेल्सियस है, यानी यह इतनी कम तापमान में भी लिक्विड फॉर्म में बना रहेगा और ऑयल का फ्लो बाधित नहीं होगा।

## अजितदादा पवार की जयंती पर मुलुंड पश्चिम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

मुंबई, मुलुंड : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, मुलुंड पश्चिम तालुका की ओर से स्व. मा. उपमुख्यमंत्री अजितदादा पवार साहेब की जयंती के अवसर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आंखों की जांच के साथ रियायती दरों पर चश्मे की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा रक्तचाप, मधुमेह, टीबी, ईसीजी, सर्दी-खांसी सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं भी नागरिकों को प्रदान की गईं।

## प्रेम प्रसंग में युवक घुसा प्रधान के घर मे मचाया बवाल; जांच में जुटी पुलिस

महराजगंज जनपद के श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की रात करीब 12 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक कथित रूप से ग्राम प्रधान के घर में घुस गया। ग्राम प्रधान ने युवक को कमरे में घुसते देख तत्काल बाहर से दरवाजा बंद कर ताला लगा दिया और पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि कुछ ही देर बाद गांव के तीन लोग लाठी-डंडा और चाकू लेकर मौके पर पहुंचे और कमरे का ताला तोड़ने का प्रयास करने लगे। ग्राम प्रधान द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें घेरकर मारपीट की। शोर सुनकर प्रधान का बेटा, पति और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिन्हें आता देख आरोपी फरार हो गए। ग्राम प्रधान का आरोप है कि भागते समय आरोपी उनका मंगलसूत्र और एक कान की बाली भी छीन ले गए। सूचना पर डायल 112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा कमरे में बंद युवक को हिरासत में ले लिया।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पत्थलगांव जिला जशपुर के न्यायालय में मामला कमांकः 202607031100043

विषयः- अ-2

मामले की श्रेणीः राजस्व

सत्तः-2025-2026

पालीडीह प.ह.न. 00009 [123/5(0.0400 है०)]

पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार खजांची पिता रामकुमार अग्रवाल,

अनावेदक पक्षकार छ० ग० शासन,

ईश्तहार

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पालीडीह, प.ह.नं. 09, 10 नि० मं० पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक खजांची पिता रामकुमार अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी पालीडीह तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पालीडीह, प.ह.नं. 09, 10 नि० मं० पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) स्थित भूमिस्वामी भूमि ख.नं. 123/5 रकबा 0.040 हे0 (405.00 वर्गमीटर) भूमि पूर्व में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) पत्थलगांव के रा० प्र० क्र0 17/अ-2/2004-05 आदेश पारित दिनांक 17.12.2004 में आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन हुआ है, उक्त व्यपवर्तित भूमि का पुनः आवासीय प्रयोजन से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराने हेतु मय वी।, नक्शा, खसरा एवं रजिस्ट्री, व्यपवर्तन आदेश की छायाप्रति सहित छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 14.08.2026 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दाबा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/07/2026 को जारी किया जाता है।

अनुविभागीय अधिकारी
पत्थलगांव जिला जशपुर

**प्ररूप - (एक)**

**सामाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

मैं वनिशा आयम ( पुराना नाम, जिसे बदला जाना है ) सुपुत्री/देवीलाल गांव मुरका तहसील बलरामपुर जिला बलरामपुर ने अपना नाम वनिशा आयम पुराना नाम से बदल कर, अयांशी आयम ( नया नाम ) रख लिया हैं।

वनिशा आयम हस्ताक्षर ( पुराने नाम से )

नाबालिका पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक / पालक द्वारा प्रमाणित) मैं देवीलाल (पिता/पालक का नाम)

सुपुत्री वनिशा आयम गांव / शहर मुरका तहसील बलरामपुर जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने सुपुत्री का नाम वनिशा आयम (पुराना नाम) से बदल कर अयांशी आयम (नया नाम) रख लिया है।

देवीलाल पिता/पालक हस्ताक्षर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

**रा०प्र०क्र०/ब-121/2025-26**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गुड्डी आ० स्व० बघोलन, निवासी ग्राम बधियाचुआं, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा०) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदिकागण के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 14, 67/1, 71 रकबा क्रमशः 0.458, 0.212, 0.413 हे0 भूमि ग्राम बधियाचुआं में स्थित है। जो वर्ष 2014-15 तक आवेदिकागण के नाम पर दर्ज था, परंतु वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज होने से छूट गया है। आवेदिकागण द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार करते हुए उपरोक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराये जाने का निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/08/2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 24/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

**न्यायालय तहसीलदार लुण्ड्रा (धौरपुर) जिला सरगुजा छ०ग०**

**रा०प्र०क्र०/अ-6/2025-26**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम जमोनी को सुचित किया जाता है कि आवेदिकागण श्रीमती रेखा यादव पत्नि चन्द्र प्रकाश यादव व अन्य 01, जाति अहीर, निवासी ग्राम तुरियाबीरा, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर), जिला सरगुजा, (छ०ग०) द्वारा ग्राम जमोनी स्थित भूमि ख०नं0 235/14, 236/5 रकबा क्रमशः 0.567, 0.397 हे० भूमि को विक्रेता राजू उर्फ अदालत आ० गहनु व अन्य 01, जाति तुरी, निवासी ग्राम जाबरपारा सत्यनगर, पो० सिरसी, तहसील भैयाथान, जिला सुरजपुर से दिनांक 22/12/2022 को पंजीबद्ध विक्रय पत्र के द्वारा क्रय किया गया है। आवेदिकागण द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति पेश करना हो तो वह दिनांक 1/08/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी

तहसीलदार
लुण्ड्रा (धौरपुर) जिला सरगुजा

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-2**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिक विजय कुमार सिन्हा आ०/पति स्व० बबनदेव नारायण सिन्हा जाति कायस्थ, निवार्स कम्पनी बाजार हाई स्कूल के पीछे अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला कम्पनी बाजार, शीट नम्बर-3 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1360, 1361, 1362 रकबा 0.02, 0.01, 0.03 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 10/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः- 27/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**रा०प्र०क्र०/20(1)/2025-26**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका रामकेवल साहू आ०/ पति बेनी माधव साव जाति निवासी मणीपुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-मणीपुर, शीट नम्बर-10 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4065/1, 4062/2, 4066/1, 4066/2 रकबा 0.02, 0.02, 0.02,0.01 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 17/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः- 30/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका लक्ष्मी साव आ०/पति झरी साव जाति तेली, निवासी मणीपुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-मणीपुर, शीट नम्बर-10 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4145/2 रकबा 0.01 1/4 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 05/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 21/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2, जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

**रा०प्र०क० /अ-6/2025-26**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संगीता पाठक पत्नी संजय पाठक व अन्य, निवासी ग्राम सकालो, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० द्वारा ग्राम सकालो स्थित भूमि खसरा नंबर 303/3, 304/1 रकबा क्रमशः 0.268, 0.060 हे. मेसे रकबा कमशः 0.065, 0.015 हे. भूमि को विक्रेता मंजू दुबे पुत्री चंद्रमणी पाठक पत्नी सतीश दुबे, जाति ब्राहम्ण, निवासी ग्राम पस्ता, तहसील बलरामपुर, जिला बलरामपुर छ०ग० द्वारा दिनांक 03.06.2024 को पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से कय किया गया है। आवेदिका द्वारा पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण बावत आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19/08/2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 04/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**

**रा०प्र०क्र०-/अ-6/2025-26**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा प्रसाद गुप्ता आ.स्व. सरजू साव, उम्र 59 वर्ष, निवासी शासकीय जिला चिकित्सालय के पास दरीपारा अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा माननीय व्यवहार न्यायालय से घोषित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 09.07.2026 के आधार पर नामांतरण हेतु घोषित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 09.07.2026 की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 19/08/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक- 04/08/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जवाहर नवोदय विद्यालय, बलरामपुर में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई थी, जिसे संशोधित करते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 07 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी, जिनकी जन्मतिथि 01 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच है, वे प्रवेश हेतु आवेदन करने के पात्र हैं। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/Index/Registration जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# जर्जर सड़क सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेसियों ने किया सड़क जाम, दिया धरना

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में सड़क से जुड़ी जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस द्वारा चक्का जाम एवं धरना प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में बायपास रोड की खराब हालात को लेकर चक्का जाम एवं धरना प्रदर्शन किया गया आम नागरिकों को हो रही परेशानियों और क्षेत्र की विभिन्न मूलभूत समस्याओं को लेकर कांग्रेस द्वारा आवश्यक कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी आंदोलन की रणनीति तय की गई। ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण द्वारा आयोजित इस बैठक में स्मार्ट मीटर से लगातार बढ़ते बिजली बिल,400 यूनिट बिजली योजना को पुनः लागू करने सहित बिजली उपभोक्ताओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस का कहना है कि बिजली व्यवस्था से संबंधित समस्याओं के कारण आम उपभोक्ताओं को आर्थिक एवं अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान को



लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना आवश्यक है बैठक के पश्चात बायपास एवं केतका रोड की जर्जर सड़कों को लेकर अम्बेडकर चौक में लम्बे समय तक चक्का जाम किया गया।

इसके पश्चात भी प्रशासनिक अधिकारियों के न आने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम किया गया बताया गया कि लंबे समय से खराब सड़क के कारण राहगीरों, वाहन चालकों एवं स्थानीय नागरिकों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सड़क की खराब स्थिति के चलते दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि बायपास रोड और केतका रोड क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मार्ग हैं लेकिन सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है सड़क की मरम्मत एवं आवश्यक सुधार कार्य जल्द कराया जाना जनहित में जरूरी है। तहसीलदार एवं पी डब्लू डी के ईई द्वारा एक हफ्ते में सड़क ठीक करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भगवती राजवाड़े, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज डालमिया, नगर पालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, इस्माईल खान, संजय डोसी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीप्ति स्वाई, आनंद कुंवर, आशीष यादव,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू, भावना सिंह नेताम, वीरेंद्र मिश्रा, नरसिंह नारायण दिलीप सोनी, हुपेश प्रजापति, निर्मल साहू, राजकुमार सिंह, हरक लाल राजवाड़े, इंद्रजीत शर्मा, रश्मि शर्मा, वीणा शर्मा, गीता पूरी, राजेश साहू, शाहरुख खान, ललन पाण्डे, प्रवीण सोनी, रितेश जायसवाल, शिवम साहू, यश साहू, शिवांश इमालिया, नीरज सिंह, अमित पैकरा, नितेश साहू, रोहन सिंह जयसाय सिंह, विनय सिंह, नेम कुमार, अब्बास अख्तर, खेलसाय सिंह, तुलेश्वर सिंह, अजय रवि, राज लाल राजवाड़े, नन्हू रवि, अविनाश साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जमीन विवाद पर प्राण घातक हमले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जमीन विवाद पर प्राण घातक हमले के आरोपी को बसदेई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि ग्राम जूर की हसीना बीबी ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मोहम्मद आयुब के परिवार के साथ इन लोगों का जमीन विवाद चल रहा है। 14 अप्रैल को प्रार्थीया अपने ससुर सफी अहमद, बहू सहेबा के साथ खेत में बनाये झाला के खाट में बैठी थी तो शाम करीब 5 बजे अयुब अंसारी, अयुब का दोनों लड़का भतीजा एवं पत्नी सभी लोग एक राय होकर डण्डा लाठी लेकर वहां पर पहुंचे और उससे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर झगड़ा विवाद करने लगे। उसी समय प्रार्थीया का पति मो. यासीन झगड़ा विवाद सुनकर वहां पर दौड़ते हुए आये तो उसे आरोपी आयुब अंसारी, उसकी पत्नी लड़का और भतीजा असलम अंसारी के द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर डण्डा से मारपीट कर प्राण घातक चोट पहुंचाया। बीच बचाव के दौरान बहु, भांजा, ससुर को भी मारपीट किये। इसके पति के सिर में गंभीर चोट लगने से इलाज कराने हेतु तत्काल जिला अस्पताल सूरजपुर लेकर गये। रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 351(3), 115(2), 191(1), 191(2), 109, 249 बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए।



चौकी बसदेई पुलिस ने विवेचना दौरान मुखबिर ने सूचना दिया कि प्रकरण का आरोपी असलम अंसारी ग्राम सरमा में छिपा है जिसे दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर मो. यासीन, सफी अहमद, हसीना बीबी, सद्दाम, सायरा खातून के साथ मारपीट किये है।

मारपीट करने के बाद भाग कर अबिकापुर दंतेवाड़ा और भोपाल में लुक छिपकर रहना बताया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा जप्त कर आरोपी असलम अंसारी जूर मियांपारा बसदेई को गिरफ्तार किया गया। मामले में फरार अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही हैं। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई योगेंद्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रही।

## जनपद अध्यक्ष ने रामलला तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** बुधवार को यहां की जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह एवं सीईओ ने रामलला तीर्थ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी तीर्थ यात्रियों की सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि रामलला तीर्थ यात्रा श्रद्धालुओं के लिए आस्था एवं आध्यात्मिक अनुभव का महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने होटल, रेस्टोरेंट एवं डेयरी प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** राज्य शासन द्वारा एनालॉग डेयरी उत्पादों पर लगाए गए प्रतिबंध का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले में लगातार सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अभिहित अधिकारी पुष्प राज चौहान के निर्देशन में गठित संयुक्त टीम ने सूरजपुर एवं बिश्रामपुर क्षेत्र के होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों तथा डेयरी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम प्रकाश जायसवाल एवं नमूना सहायक श्रीमती दीपा साहू शामिल रहे।निरीक्षण के दौरान टीम ने यह जांच की कि संबंधित प्रतिष्ठानों में कहीं एनालॉग पनीर अथवा अन्य प्रतिबंधित एनालॉग डेयरी उत्पादों का निर्माण, भंडारण या उपयोग तो नहीं किया जा रहा है। अभियान के तहत सूरजपुर में कृष्णा डेयरी, जय डेयरी, बाबा होटल, गुड्डु स्वीट्स, भोलू स्वीट्स, पंडित स्वीट्स, गोपाल डेयरी एवं कान्हा डेयरी का निरीक्षण किया गया। वहीं बिश्रामपुर क्षेत्र में सालु स्वीट्स, जय डेयरी, संदीप स्वीट्स, दूध डेयरी, सुहानी डेयरी, सोनी होटल, जलतरंग स्वीट्स, वीरेंद्र सब्जी भंडार, कृशु डेयरी एवं श्याम डेयरी की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान टीम ने सभी व्यवसायियों को एनालॉग डेयरी उत्पादों के क्रय-विक्रय एवं निर्माण नहीं करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही उन्हें शासन द्वारा जारी अधिसूचना की विस्तृत जानकारी देते हुए उसका पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने को कहा गया।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में आगे भी यह जांच अभियान सतत रूप से जारी रहेगा।

## पुराने विवाद को लेकर युवक पर जानलेवा हमला, प्रेमनगर पुलिस ने हत्थे चढ़े 4 आरोपी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** पेट्रोल पंप से उधारी लिया पेट्रोल का पैसा मांगने आये युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले 4 आरोपियों को प्रेमनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि 14 जुलाई को ग्राम गौरीपुर के मटुकधारी यादव ने थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 जुलाई को रात्रि करीब 10 बजे ग्राम कंचनपुर का रविन्द्र रजक पेट्रोल पंप से उधारी लिया पेट्रोल का पैसा लेने आया था जिसे प्रार्थी अपने दुकान में अण्डा खिला रहा था उसी दौरान लक्ष्मण, संदीप, जमुना व कमलेश तैयारी के साथ लाठी डण्डा लेकर जान से मारने की नियत से दुकान के पास आकर पुरानी रंजीश की बात को लेकर यहां पर भीड़ लगा कर हल्ला कर रहे हो कहकर लाठी डण्डा से रविन्द्र रजक पर प्राण घातक हमला कर दिया। जिससे वह



गम्भीर रूप से आहत हो गया। जिसे उपचार के लिए प्रेमनगर अस्पताल ले गए जहाँ से जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिए। रिपोर्ट पर धारा 109(1), 296, 351(3), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने प्रकरण के आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। थाना प्रेमनगर पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी लक्ष्मण यादव, संदीप यादव, जमुना प्रसाद यादव व कमलेश यादव सभी निवासी ग्राम गौरीपुर यादवपारा, थाना प्रेमनगर को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिनके निशानदेही पर लाठी जप्त कर चारों को विधिवत् गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में एएसआई गुड्डु कुशवाहा, प्रधान आरक्षक प्रमोद लकड़ा, आरक्षक दीपक यादव, बृजेश काशी व हरिशचंद दास सक्रिय रहे।


न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.
रा०प्र०क्र०– /20(1)/2025–26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मुखलाल साहू आ०/पति चन्द्रिका साहू जाति, निवासी मणीपुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला, मणीपुर, शीट नम्बर–10 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4133/2. 4134/2, 4133/3, 4133/4 रकबा 0.08½, 0.01½, 0.02, 0.02 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांक 29/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर



न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.
रा०प्र०क्र०– /20(1)/2025–26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अभय साहू आ०/पति मुखलाल साहू जाति निवासी मणीपुर , अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला–मणीपुर, शीट नम्बर–10 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4128/2, रकबा 0.05 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 29/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर


# तहसीलदार पर आरोप, निजी वाहन से मारी कांग्रेसी नेता की एसयूवी को टक्कर, थाने के सामने चक्काजाम

### थाने में शिकायत, कार्रवाई की मांग

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के बिहारपुर में बुधवार को तहसीलदार की वाहन ने सड़क के किनारे खड़ी एक कांग्रेसी नेता की कार को टक्कर मार दी। जिसके बाद तहसीलदार एवं कांग्रेसी नेता के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। कांग्रेसी नेता ने उक्ताशय का शिकायत पत्र बिहारपुर थाने में दिया है।

मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने थाने के सामने सड़क जाम कर दिया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बिहारपुर थाना के सामने कांग्रेस नेता गोरखनाथ पाठक की एसयूवी वाहन सड़क किनारे खड़ी थी। आरोप है कि बिहारपुर में पदस्थ तहसीलदार करमचंद जटवार अपनी ब्रेजा कार क्र. सीजी 16 सीआर 8055 से वहां से गुजर रहे थे इसी दौरान उनकी कार खड़ी एसयूवी के साइड से टकरा गई। जिससे दोनों वाहनों को नुकसान हुआ है। वाहन मालिक कांग्रेस नेता गोरखनाथ पाठक ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के बाद तहसीलदार से वाहन की मरम्मत कराने की बात कही, लेकिन उनकी बात सुनने के बजाय कथित रूप से कहा गया, मेरा वाहन भी बनवा दो, फिर तुम्हारा भी बनवा देंगे। पाठक का आरोप है कि इस दौरान उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण बिहारपुर थाना पहुंच गए और थाना के सामने चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच एवं संबंधित तहसीलदार का चिकित्सीय परीक्षण कराया जाने तथा पीड़ित द्वारा दिए गए लिखित आवेदन पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित रहा। बाद में चांदनी थाना प्रभारी रामप्रताप साहू और पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया।

इस संबंध में बिहारपुर के तहसीलदार करमचंद जटवार ने कहा कि टक्कर मेरी वाहन ने नहीं बल्कि उनकी वाहन ने मारी है जो अनियंत्रित गति से चलाई जा रही थी। घटना के बाद मुझसे दुर्व्यवहार भी किया गया और आरोप भी लगाए गए है जिससे मैं काफी आहत हूँ।




न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.
रा०प्र०क्र०/अ–20 (3)/2025–26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण अभिषेक गुप्ता, अनिमेष गुप्ता आ० विजय कुमार गुप्ता, निवासी बौरीपारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा छ०ग० के द्वारा शीट नम्बर–02 मोहल्ला–केदारपुर, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 242/2 रकबा 436 वर्गफीट भूगि को बैंक में बंधक रखने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टनेस खसरा की प्रति सहित पेश किया गया है। उक्त भू–खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा–आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के गाध्यम से दिनांक 10/08/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय–सीमा के बाद प्राप्त दावा–आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर



न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.
रा०प्र०क्र०/अ–20 (3)/2025–26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार गुप्ता आ० नागेश्वर प्रसाद गुप्ता, निवासी बौरीपारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा छ०ग० के द्वारा शीट नम्बर–03 मोहल्ला–पाण्डेपुरा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1801/4836/64 रकचा 0.03 एकड़ भूमि को बैंक में बंधक रखने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टनेस खसरा की प्रति सहित पेश किया गया है। उक्त भू–खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा–आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10/08/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय–सीमा के बाद प्राप्त दावा–आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 27/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर



**छत्तीसगढ़ राजपत्र, दिनांक 15 जनवरी 2026**

प्ररूप–(एक)

**समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

मैं रिजवान खान (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी अप्सरा खातुन गाँव/शहर कलिया तहसील बगीचा जिला जशपुर छत्तीसगढ़ ने अपना नाम अपसाना (पुराना नाम) से बदल कर अप्सरा खातुन (नया नाम) रख लिया है।
नाबालिग पुत्री/पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक/पालक द्वारा प्रमाणित) मैं रिजवान खान पिता/पालक का नाम) सुपुत्र/सुपुत्री अप्सरा खातुन गाँव/शहर कलिया तहसील बगीचा जिला जशपुर छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्र/सुपुत्री का नाम अपसाना (पुराना नाम) से बदल कर अप्सरा खातुन (नया नाम) रख लिया है।

**माता/पिता/पालक के हस्ताक्षर**



**छत्तीसगढ़ राजपत्र, दिनांक 15 जनवरी 2026**

प्ररूप–(एक)

**समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

मैं रिजवान खान (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी चाँदनी खातुन गाँव/शहर कलिया तहसील बगीचा जिला जशपुर छत्तीसगढ़ ने अपना नाम मुन्नी (पुराना नाम) से बदल कर चाँदनी खातुन (नया नाम) रख लिया है। नाबा. लिग पुत्री/पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक/पालक द्वारा प्रमाणित) मैं रिजवान खान पिता/पालक का नाम) सुपुत्र/सुपुत्री चाँदनी खातुन गाँव/शहर कलिया तहसील बगीचा जिला जशपुर छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्र/सुपुत्री का नाम मुन्नी (पुराना नाम) से बदल कर चाँदनी खातुन (नया नाम) रख लिया है।

**माता/पिता/पालक के हस्ताक्षर**


## लंबित समस्याओं को लेकर बीईओ से मिला टीचर्स एसोसिएशन, निदान की मांग

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षक संवर्ग की विभिन्न विषयों समस्याओं को लेकर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सूरजपुर हरेंद्र सिंह एवं रामानुजनगर अवधेश कुमार साहू से भेंट कर शिक्षक संवर्ग की विभिन्न मांगों पर सकारात्मक चर्चा कर जल्द निदान करने की मांग की है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में चंद्रविजय सिंह, पीतांबर सिंह मरावी, बिजेंद्र साहू, गौरीशंकर पांडेय, राम कुशल तिवारी, राजेंद्र साहू, अनुज राजवाड़े शामिल रहे। चर्चा के दौरान करते हुए बीईओ हरेंद्र सिंह ने बताया कि सेवा पुस्तिका का संधारण किया जा रहा है सभी शिक्षक अवलोकन भी कर आवश्यक प्रविष्टियों को देख सकते है साथ ही सीजीपीएफ पास बुक भी



संधारण किया जा रहा है। अभी भी किसी शिक्षक का सेवा पुस्तिका या सीजीपीएफ पास बुक नहीं संधारित है तो विद्यालय समय के पश्चात उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर पूर्ण करा सकते है ,संभाग से सेवा पुस्तिका सत्यापन भी कराने प्रयास किया जा रहा है। जिला से सहायक शिक्षक की जारी वरिष्ठता सूची में अत्यधिक त्रुटि की तरफ भी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया गया जिस पर विकास खण्ड से संबंधित शिक्षकों की प्रविष्टियों को सेवा पुस्तिका से मिलान कर उच्च कार्यालय को प्रेषित कर आवश्यक सुधार कराने की बात कही गई है। बीईओ रामानुजनगर से प्रतिनिधिमंडल ने सेवा पुस्तिका एवं सीजीपीएफ पास बुक संधारण, वरिष्ठता सूची की त्रुटि में सुधार,शिक्षक संवर्ग के अवकाश आवेदन पर चर्चा कर जल्द निराकरण करने की मांग किया गया।

अधिकारी ने समय सीमा में निराकरण करने की बात कही। क्लेकटर द्वारा परामर्शदात्री समिति की बैठक में दिए गए निर्देश के पालन में सभी विकासखण्डों में शिक्षक संवर्ग की समस्याओं पर कार्य किया जा रहा है कार्यालयीन कर्मचारियों की कमी के कारण सभी विकास खण्ड में समस्या आ रही है क्योंकि शिक्षकों की संख्या के अनुपात में कार्यालयीन कर्मचारी पदस्थ नहीं है जिससे कार्यालय के कार्य प्रभावित हो रहे है ।


**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बलरामपुर जिला बलरामपुर ( छ.ग. )**

पत्र क्रमांक 3165 व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां.ख./2026

बलरामपुर, दिनांक 03/08/2026

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बलरामपुर अंतर्गत निम्न निविदायें अपरिहार्य कारणों से निरस्त किये जाते हैं।

| स.क्र. | सिस्टम क्रमांक | निविदा सूचना क्र./दिनांक | जी क्रमांक |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | 184941 | 14/03–02–2026 | 252606528 |

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड–बलरामपुर (छ.ग.)

जी-262702532/1

# दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सर्व आदिवासी समाज ने एसपी कार्यालय घेरा

## एससी-एसटी एक्ट की धारा जोड़ने, संपत्ति कुर्क करके बुलडोजर कार्रवाई की मांग

■ मांगें पूरी नहीं होने पर विश्व आदिवासी दिवस के दिन गृहमंत्री का पुतला दहन और उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम भफौली की एक नाबालिक अनुसूचित जनजाति पीड़िता से दुष्कर्म के मामले में एससी-एसटी एक्ट की धारा नहीं जोड़ने और उपसरपंच के पति की गिरफ्तारी नहीं होने से छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज सरगुजा में भारी आक्रोश है। घटना को लेकर आदिवासी समाज की ओर से बुधवार, 5 अगस्त को पुलिस अधीक्षक के कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी गई थी। इसे देखते हुए पूरा कलेक्ट्रेट परिसर पुलिस के पहरे में था। कलाकेंद्र मैदान में एकजुट समाज के लोग जैसे ही नारेबाजी करते कलेक्टोरेट की ओर बढ़े, मुख्य प्रवेश द्वार को बंद कर दिया गया। समाज के लोगों ने जमकर हल्ला बोला और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले में वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की। चेतावनी दी गई है कि, यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 09 अगस्त, विश्व आदिवासी दिवस के दिन गृहमंत्री का पुतला दहन करके उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

बता दें कि, बीते 20 जुलाई की रात को ग्राम भफौली की नाबालिक आदिवासी लड़की ने गांव के ही तरुण जायसवाल नामक व्यक्ति पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में कोतवाली थाना अंबिकापुर में बीएनएस की धारा 65(1) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। आदिवासी समाज का आरोप है कि, पीड़िता का जाति प्रमाण पत्र जमा करने के बाद भी पुलिस ने अभी तक मामले में एससी-एसटी एक्ट की धारा नहीं जोड़ी है, और न ही आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे लग रहा है कि पुलिस आरोपी को बचाने और संरक्षण देने में लगी है। समाज ने मांग की है कि, मामले में एससी-एसटी एक्ट की धारा जोड़ी जाए, आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। पीड़िता को सहायता राशि दी जाए। आरोपी की संपत्ति कुर्क करके बुलडोजर कार्रवाई की जाए और आरोपी को संरक्षण देने वालों के खिलाफ भी अपराध पंजीबद्ध किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज सरगुजा के जिलाध्यक्ष डॉ. अमृत सिंह मरावी, कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष अनुक प्रताप सिंह टेकाम, जिला महासचिव तरुण कुमार भगत सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल थे।

### मामले में अन्य लोगों को अभयदान

समाज के लोगों के बीच मौजूद एक्टिविस्ट अकील अहमद ने आरोप लगाया कि, घटना के बाद पीड़ित परिवार पर समझौते के लिए दबाव बनाने, न्यायालय को गुमराह करने जैसी बातें सामने आई हैं, जिस पर संबंधितों के विरूद्ध न तो किसी प्रकार की कार्रवाई की गई और न ही अपराध दर्ज किया गया है। बालिका का मजिस्ट्रेट के समक्ष लिए गए बयान को भी सवालों के घेरे में लिया गया। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी के समक्ष कार्रवाई से संबंधित इन्फार्मेशन लीक करने की बात भी सामने लाई गई। ग्रामीणों ने आरोपी को कब्जे में लेने के बाद छोड़ने का भी आरोप लगाया।

### एसएसपी ने की है ईनाम की घोषणा

एफआईआर दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपी तरुण जायसवाल गांव से फरार हो गया, 15 दिन बीत गए आरोपित पुलिस की पकड़ से बाहर है। हालांकि बढ़ते दबाव को देखते हुए डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल ने आरोपी की सटीक सूचना देने वाले के लिए 5,000 रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है। वहीं आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश देने में पुलिस टीम लगी है। आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने से क्षुब्ध ग्रामीणों ने पूर्व में कोतवाली थाने का घेराव करके विरोध प्रदर्शन किया था, अब एसपी कार्यालय का घेराव करके अपनी मांगों से अवगत कराया है।

# सरगुजा संभाग के 850 तीर्थयात्री अयोध्या धाम दर्शन के लिए विशेष ट्रेन से रवाना

## महापौर दिखाई हरी झंडी, विशेष ट्रेन की 08 अगस्त को होगी वापसी



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा संचालित श्री रामलला (अयोध्या धाम) दर्शन योजना के अंतर्गत बुधवार 05 अगस्त को सरगुजा संभाग के 850 तीर्थयात्रियों को लेकर विशेष ट्रेन अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। विशेष ट्रेन को महापौर, अंबिकापुर मंजूषा भगत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान तीर्थयात्रियों में कुछ अलग ही उत्साह देखने को मिला।

योजना के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं उप संचालक, समाज कल्याण विभाग व्ही.के. उईके ने बताया कि जिला सरगुजा से कुल 170 तीर्थयात्री अयोध्या धाम दर्शन के लिए रवाना हुए हैं। इनमें जनपद पंचायत अंबिकापुर से 18, उदयपुर से 18, लखनपुर से 18, लुण्ड्रा से 18, बतौली से 18, सीतापुर से 18 तथा मैनपाट से 18 तीर्थयात्री शामिल हैं। इसके अलावा नगर निगम अंबिकापुर से 30, नगर पंचायत लखनपुर से 07 तथा नगर पंचायत सीतापुर से 07 तीर्थयात्री यात्रा में शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम दर्शन के लिए रवाना हुई विशेष ट्रेन 08 अगस्त को वापस लौटेगी। यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

बता दें कि, श्री रामलला दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश के नागरिकों को अयोध्या धाम में भगवान श्री रामलला के दर्शन का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पहल से श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं आध्यात्मिक यात्रा का लाभ मिल रहा है। विशेष ट्रेन के प्रस्थान अवसर पर जिला पंचायत सरगुजा की अध्यक्ष निरूपा सिंह, नगर निगम अंबिकापुर के सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि एवं पार्षद के अलावा टूरिज्म बोर्ड सरगुजा संभाग के क्षेत्रीय अधिकारी आशीष वर्मा, रेलवे एवं आईआरसीटीसी के अधिकारी-कर्मचारी तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# आबकारी उड़नदस्ता टीम ने 900 पाव अंतर्राज्यीय शराब जब्त किया

## ग्राम नुनेरा के पंच और शराब तस्कर को गिरफ्तार करने में मिली सफलता



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता सरगुजा की टीम ने मध्य प्रदेश की अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल दाखिल किया है। टीम 18 पेटियों में 900 पाव, कुल 162 लीटर अंतर्राज्यीय गोवा व्हिस्की बरामद की है।

जानकारी के मुताबिक, सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना उदयपुर अंतर्गत ग्राम भदवाही निवासी गौरव जायसवाल भारी मात्रा में मध्यप्रदेश राज्य की शराब लाकर नुनेरा गांव के पंच ब्रिजलाल पैकरा के घर में छिपाकर रखा है। सूचना की विश्वसनीयता पर उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी इन्द्रबली मार्कण्डेय के मार्गदर्शन में उड़नदस्ता टीम के साथ तत्काल नुनेरा गांव में पंच ब्रिजलाल पैकरा के घर में दबिश दी। तलाशी के दौरान ब्रिजलाल के घर में 18 पेटियों में मध्य प्रदेश राज्य की गोवा व्हिस्की मिला। पूछताछ में पंच ब्रिजलाल पैकरा ने बताया कि उसके घर में रखा शराब भदवाही ग्राम के गौरव जायसवाल का है। इसके बाद टीम ब्रिजलाल को साथ लेकर ग्राम भदवाही में रहने वाले गौरव जायसवाल के घर पहुंची, और उसे कब्जे में लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए पुष्ट किया कि, पंच ब्रिजलाल के पास से बरामद शराब उसी की है। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36, 59(क) के तहत दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। दोनों को गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। जब्त शराब की अनुमानित बाजार कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में उड़नदस्ता टीम के नगर सैनिक रोहित सोनवानी एवं ओम प्रकाश गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रतीक्षा बस स्टैंड से हटेगा अवैध कब्जा, यात्री सुविधाएं की जाएंगी दुरुस्त

## महापौर और सभापति ने किया औचक निरीक्षण, व्यापारियों से संवाद कर समस्याएं सुनीं



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड की व्यवस्था सुधारने के लिए नगर पालिक निगम की महापौर मंजूषा भगत और सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने 4 अगस्त, मंगलवार को बस स्टैंड का औचक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं का जायजा लिया और व्यापारियों व अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याओं के समाधान पर चर्चा की।

महापौर ने निगम स्वामित्व की दुकानों से अवैध कब्जा हटाने, दुकानदारों द्वारा सामान को व्यवस्थित रूप से रखने और परिसर की साफ-सफाई दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यूरिनल, टॉयलेट, नाली और पूरे बस स्टैंड परिसर की सफाई व्यवस्था नियमित होनी चाहिए। साथ ही वॉटर कूलर, वाटर एटीएम सहित पीने के पानी और अन्य उपयोग के लिए जल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। अंतरराज्यीय बस स्टैंड में बाहर से आने वाले यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए वेटिंग हॉल का नवीनीकरण, शेड के नीचे से अवैध अतिक्रमण हटाने, रैन बसेरा को व्यवस्थित करने और बिल्डिंग व परिसर की रिपेयरिंग कराने पर जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं अधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मनीष सिंह, वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे, एमआईसी सदस्य जितेंद्र सोनी, श्वेता गुप्ता, सुशांत घोष, पार्षद शैलेश कुमार सिंह, दीपक यादव, अनिल तिवारी, आकाश गुप्ता, सिंधु सोनी सहित नगर निगम अंबिकापुर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंडरएज ड्राइविंग रोकने स्कूलों में पहुंच रही पुलिस

## रेल्वे स्टेशन, स्कूल में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की दी गई समझाईश



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा नाबालिगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने हेतु प्रतिदिन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य नाबालिग छात्र-छात्राओं को दुर्घटनाओं से बचाना और सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में 5 अगस्त को यातायात पुलिस टीम रेल्वे स्टेशन अंबिकापुर के पास स्थित शासकीय स्कूल पहुंची। यहां छात्र-छात्राओं को एकत्रित कर उन्हें अंडरएज ड्राइविंग के खतरों और यातायात नियमों के पालन के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस ने जिले के समस्त विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधानपाठकों को निर्देशित किया कि बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाले छात्र-छात्राओं को दोपहिया वाहन से स्कूल आने की अनुमति न दें। यदि कोई नाबालिग वाहन चलाते पाया जाता है तो उसे समझाईश दी जाए। पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने नाबालिग बच्चों को किसी भी परिस्थिति में वाहन न चलाने दें। छात्र-छात्राओं को स्कूल के अधिकृत वाहन अथवा स्वजन के साथ आने-जाने की सलाह दी गई। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सेवा किटी समूह ने परवाज कार्यक्रम के तहत छात्राओं से संवेदनशील मुद्दों पर किया संवाद

## नशा, तस्करी, मानसिक स्वास्थ्य पर दी गई जानकारी, निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सेवा किटी समूह के सदस्यों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगावां में परवाज कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं के साथ सम-सामयिक संवेदनशील मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। कार्यक्रम में सेवा किटी समूह की संस्थापिका वन्दना दत्ता एवं दीपमाला सिंह ने छात्राओं से व्यक्तिगत समस्याओं पर बात की और समाधान साझा किए। चर्चा का मुख्य फोकस बालिकाओं की तस्करी, नशे की लत की ओर बढ़ता रुझान, अवसाद एवं तनाव, मानसिक स्वास्थ्य और अमर्यादित व संस्कारहीन जीवनशैली जैसे मुद्दों पर रहा।

वरिष्ठ समाजसेविका वन्दना दत्ता ने कहा कि परिवार और विद्यालय में मर्यादा में रहना जरूरी है। नशामुक्त समाज के निर्माण में महिलाओं एवं बालिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। बालिकाओं की तस्करी एवं नशे की लत जैसी सामाजिक बुराई से निपटने के लिए समुदाय को जागरूक करने हेतु महिलाओं को आगे आना होगा। बेटियां परिवार के लिए सीढ़ी नहीं, सम्बल बनें। सेवा किटी समूह की सदस्य दीपमाला सिंह ने कहा कि समूह की तरफ से जरूरतमंद बालिकाओं को शिक्षा एवं अन्य जरूरतों में आर्थिक सहयोग किया जाएगा। साथ ही शासन द्वारा बालिकाओं की शिक्षा के लिए दी जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंह, अध्यापिका सुजाता सिंह, रेखा सिंह एवं पूर्णिमा सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### संत गहिरा गुरु विवि के प्रथम कुलपति प्रो. सुनील कुमार वर्मा का निधन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के प्रथम कुलपति प्रो. सुनील कुमार वर्मा का 03 अगस्त को उनके गृह ग्राम बिलासपुर में देहावसान हो गया।



उनके निधन से शिक्षा जगत और सरगुजा विश्वविद्यालय परिवार में शोक की लहर है। प्रो. वर्मा सरगुजा विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति थे। उनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय की नींव रखी गई और सरगुजा अंचल में उच्च शिक्षा को नई दिशा मिली। अपनी सादगी, विद्वता और सेवा भाव के लिए वे सदैव याद किए जाएंगे। विश्वविद्यालय की ओर से जारी किए गए शोक संदेश में कहा गया है कि एक महान व्यक्तित्व का जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके आदर्श, सादगी और सेवा का भाव सदैव हमारी प्रेरणा बने रहेंगे। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेंद्र लाकपाले, कुलसचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी एवं समस्त विश्वविद्यालय परिवार ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# एनएसयूआई ने एकेडमिक ईयर बचाने की विशेष परीक्षा की मांग, कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपकर छात्रहित से जुड़ी मांगें रखीं। ज्ञापन में एनएसयूआई ने मार्च-अप्रैल 2026 की मुख्य वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थित विद्यार्थियों के लिए पूरक परीक्षा-2026 के साथ विशेष परीक्षा आयोजित करने की मांग की। संगठन ने कहा कि प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण या अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष अवसर दिया जाए, ताकि उनका एक पूरा शैक्षणिक वर्ष व्यर्थ न हो। सुरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में बड़ी संख्या में विद्यार्थी पूरक एवं विशेष परीक्षा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। साथ ही पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्गणना के कई आवेदन लंबित हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। यदि परीक्षा और परिणामों में विलंब हुआ तो कई विद्यार्थी समय पर प्रवेश से वंचित हो जाएंगे।

एनएसयूआई ने मांग की, पूरक एवं विशेष परीक्षा की समय-सारणी और आवेदन प्रक्रिया तत्काल जारी हो। प्रायोगिक विषयों की परीक्षा प्राथमिकता से कराई जाए। पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना, यूएफएम विथहेल्ड के सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निपटारा हो। यह व्यवस्था वन टाइम एकेडमिक रिलीफ के रूप में लागू हो और पुराने और नये दोनों के छात्रों को लाभ मिले। उपाध्यक्ष गौतम गुप्ता ने कहा कि परीक्षा में देरी से छात्रों को मानसिक, आर्थिक और शैक्षणिक दिक्कतें होती हैं। समय पर निर्णय से ड्रॉप-आउट कम होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान अमन सिंह, मनीष सोनी, प्रिंस, अभिषेक एवं इलेश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 'संकल्प दिवस पर लिया सत्य, सेवा और राष्ट्रप्रेम का संकल्प'

## सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में 15 दिवसीय मूल्य संवर्धन कक्षा का समापन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, सुभाषनगर में 20 जुलाई से 05 अगस्त तक आयोजित 15 दिवसीय मूल्य संवर्धन कक्षा का समापन संकल्प दिवस के रूप में हुआ। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष रानी रजक के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय 'मूल्यनिष्ठ शिक्षा एवं व्यक्तित्व निर्माण' रहा। समापन दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रदीप शर्मा, अमृता जायसवाल, सुधा तिवारी एवं अंजना तिवारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र एवं ध्यान से हुआ। अमृता जायसवाल ने कहा कि जीवन में संघर्ष और धैर्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। यह 15 दिन केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, विचार और आचरण को बेहतर बनाने की यात्रा रही। इन 15 दिनों में प्रशिक्षणार्थियों ने सत्य, अनुशासन, समय प्रबंधन, सेवा, सहयोग, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, नैतिकता, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों को सीखा। प्रदीप शर्मा ने आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया। सुधा तिवारी ने समय सारणी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी को जीवन में अपनाने की बात कही। अंजना ने कहा कि, आज समापन नहीं बल्कि नई शुरुआत है। परिवर्तन की शुरुआत स्वयं से करनी होगी। कार्यक्रम में उर्मिला यादव, मिथलेश गुर्जर, सविता यादव, सीमा बंजारे, ज्योत्स्ना राजभर, अर्चना सोनवानी, स्मिता सिन्हा, गोल्डन सिंह, अजीत परिहार, नितेश यादव सहित बी.एड प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

**संकल्प के साथ हुआ समापन**-प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा ने कहा कि आज संकल्प दिवस है। जो सीखा उसे जीवन में अपनाएं और छोटी-छोटी जिम्मेदारियों को पूर्ण करने का संकल्प लें। प्रशिक्षणार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। अंत में आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# सैनिक स्कूल अंबिकापुर में अंतर-हाउस बास्केट बॉल चैम्पियनशिप का आयोजन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सैनिक स्कूल अंबिकापुर में अंतर-हाउस बास्केट बॉल चैम्पियनशिप 2026-27 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न हाउसों के कैडेटों ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान सीनियर, जूनियर और बालिका वर्ग के बीच कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। सभी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता के परिणामों में सीनियर वर्ग में मानेकशॉ हाउस ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि जूनियर वर्ग में पिनाका हाउस ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार बालिका वर्ग में करियप्पा हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य कर्नल राजेश बैंदा ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफियां प्रदान कीं और सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं तथा उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। यह प्रतियोगिता कैडेटों के सर्वांगीण विकास और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल साबित हुई।

### बैंक विवरण और आधार सीडिंग में सुधार के लिए अंतिम अवसर 14 तक

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कॉलेज स्तर) वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक के छात्र-छात्राएं जिनकी छात्रवृत्ति बैंक खाता/बैंक आईएफएससी कोड/बैंक का नाम गलत/खाता बंद तथा बैंक खाता आधार कार्ड से सीडिंग नहीं होने के कारण छात्रवृत्ति राशि का भुगतान नहीं हुआ है। ऐसे छात्र-छात्राओं को आवश्यक संशोधन कराने हेतु 14 अगस्त तक अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी छात्र-छात्रा के छात्रवृत्ति भुगतान संबंधी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर